

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, सोमवार 17 मार्च 2025 ■ चैत्र कृष्ण पक्ष-03 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-344 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 18 मार्च 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# 84 एनजीओ की रोकी फंडिंग, 127 की समाप्त हुई वैधता

**अजय चंद्राकर ने उठाया एनजीओ के जरिए मतांतरण का मामला**

**रायपुर,17 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

विधानसभा में आज भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने एनजीओ के जरिए मतांतर किए जाने का मामला ध्यानाकर्षण के जरिए उठाया. उन्होंने कहा कि इसमें विदेशी फंडिंग से इनकार नहीं किया जा सकता है. गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि विदेशी फंडिंग की जांच और कार्यवाही का अधिकार केंद्र के पास है. छत्तीसगढ़ में 364 संस्थाएं थी. जांच के बाद 84 संस्थाओं की फंडिंग रोकी गई. 127 की वैधता समाप्त की गई है. भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने मतांतरण के मुद्दे पर कहा कि जशपुर जिले में सबसे ज्यादा मतांतर के मामले सामने आ रहे हैं. मिशनरियों से जुड़ी शैक्षणिक संस्थानों को करोड़ों का अनुदान दिया जाता है, लेकिन उसकी ऑडिट नहीं कराई जाती. राज्य में मतांतर और धर्म परिवर्तन के मामले बढ़ रहे हैं. इस पर गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि चंगाई सभा की आड़ में मतांतर कराए जाने के शिकायत पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है. इस साल ही अब तक चार मामले सामने आए है, जिस पर आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है. पुलिस द्वारा तुरंत वैधानिक कार्रवाई की जाती है. भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि 22 फरवरी 25 को मुख्यमंत्री ने विदेशी फंड से मतांतर होने का बयान दिया था. मैं इस पटल में यह जानकारी रख सकता हूँ कि कितने धर्मांतरण के मामले सामने आए हैं. स्थिति बेहद गंभीर है. धर्मांतरण रुकने की बजाय बढ़ रहा है. शैक्षणिक संस्थानों को दिए जाने वाले अनुदान पर मंत्री का उत्तर मौन है. विदेशी फंडिंग की जाँच का कोई सिस्टम है या नहीं? गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि जो संस्थाएं विदेशों से सहायता लेती हैं, वह एफसीआरओ से पंजीकृत होती है. राज्य में ऐसी 153 संस्थाएं हैं. विदेशी फंडिंग की जांच और कार्यवाही का अधिकार केंद्र के पास है. केंद्र की सरकार ने इस पर बड़ी कार्यवाही की है. छत्तीसगढ़ में 364 संस्थाएं थी. जांच के बाद 84 संस्थाओं की फंडिंग रोकी गई. 127 की वैधता समाप्त की गई. अभी 153 संस्थाएं हैं जिन्हें विदेशों से फंडिंग होती है. इसकी पूरी जानकारी है. भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने पूछा कि इन मामलों पर आपने जांच कराई है? इस पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि संस्थाओं की एक्टिविटी पर हम ध्यान दे रहे हैं. जरूरत पड़ने पर कार्यवाही होगी. समाज कल्याण विभाग, महिला बाल विकास के जरिए संस्थाओं को सालाना दो सौ से तीन सौ करोड़ का अनुदान दिया जाता है. मुख्यमंत्री के निर्देश पर बीते तीन साल में दिए गए अनुदान का आडिट किया जाएगा. अजय चंद्राकर ने कहा कि नए कानून बनाने के लिए सरकार कोई प्रावधान करने जा रही है? गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा- छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक लागू है. जल्द ही नए प्रावधान इसमें शामिल किए जाएंगे. भाजपा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि जोशवा प्रोजेक्ट चलाकर बिलासपुर में धर्म परिवर्तन कराया जाता है. पुलिस में शिकायत दर्ज होने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई. वेबसाइट पर खुले आम धर्मांतरण चल रहा है. यदि इसकी जानकारी स्थानीय प्रशासन को नहीं है तो इसका मतलब है कि सूचना तंत्र फेल है. गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि ऐसी संस्थाएं जिन्हें विदेशी फंडिंग होती है, उस पर केंद्रीय गृह मंत्रालय की सीधी नजर है.केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा कि बस्तर के 70 फीसदी गांवों में धर्मांतरण का खेल रहा है. इसमें सीधे तरीके से विदेशी फंडिंग का इस्तेमाल हो रहा है. यदि स्थिति ऐसी ही रहेगी तो आने वाले दिनों में हम आदिवासी राज्य नहीं रह जाएँगे. अब तक जो क़ानून है, उसकी धज्जियां उड़ाई जा रही हैं. इस पर रोक के लिए कड़े कानून की ज़रूरत है. गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि बस्तर में ऐसी 18 संस्थाएं हैं जिन्हें विदेशी फंडिंग मिलती है. धर्मांतरण को रोकने मिलकर काम करना होगा.भाजपा विधायक राजेश मूणत ने कहा कि पंद्रह दिनों के भीतर राजधानी में ही धर्म परिवर्तन के दो प्रकरण सामने आए हैं. जिस तरह से हिंदू समाज कोई आयोजन करता है तो उसकी अनुमति लेता है. क्या ऐसे समाज किसी धार्मिक आयोजन की सूचना लेते हैं? गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि यह संभव ही नहीं है कि कोई अनुमति के बग़ैर आयोजन कर ले. विष्णुदेव साय की सरकार में कानून का राज है. सार्वजनिक कार्यक्रम में प्रशासन से अनुमति लेनी ही है. जो अनुमति न ले उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

## संक्षेप

### स्कॉर्पियो ने सड़क किनारे टहल रहे लोगों को कुचला, तीन की मौत

**धमतरी,17 मार्च।** जिले के बिरेझर चौकी क्षेत्र अंतर्गत एनएच-30 पर दरबा गांव के पास बीती रात दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। एक बेकाबू स्कॉर्पियो ने सड़क किनारे टहल रहे लोगों को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरी। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, स्कॉर्पियो तेज रफ्तार में थी और अचानक सड़क किनारे चलते लोगों को कुचलते हुए नाले में जा गिरी। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। बिरेझर चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत-बचाव कार्य शुरू किया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है, और मामले की जांच जारी है। घटना के बाद से गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क पर स्पीड ब्रेकर लगाने और यातायात नियंत्रण के कड़े कदम उठाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों को रोका जा सके।

### आईटीबीपी के सिपाही ने एएसआई को मारी गोली,मौत

**रायपुर,17 मार्च।** रायपुर से लगे खरोरा गांव में एएसआई को गोली मारे जाने की घटना सामने आई है. जानकारी के अनुसार, मुड़ीपार स्थित आईटीबीपी कैंप में पदस्थ बिहार निवासी सिपाही सरोज कुमार (32 साल) ने हरियाणा निवासी एएसआई देवेंद्र सिंह दहिया (56 साल) को गोली मार दी. जिसमें उसकी मौके पर मौत हो गई. मामला खरोरा थाना क्षेत्र का है.

### जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम के नेता की गोली मारकर हत्या

**करांची,17 मार्च।** आतंकवादियों का पनाहगाह देश पाकिस्तान इस समय अपने कर्मों की सजा भोग रहा है। एक तरह, जहां BLA-TTP पाक के कई इलाकों में हमले कर दहला रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ टारगेट किलिंग भी लगातार हो रहे हैं। पाकिस्तान में एक और हाई प्रोफाइल किलिंग की वारदात हुई है। पाकिस्तान के क्वेटा में जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (JUI) क वरिष्ठ नेता मुफ्ती अब्दुल बाकी नूरजई की गोली मारकर हत्या कर दी गई है।

### औरंगजेब की कब्र को वीएचपी-बजरंग दल ने किया तोड़ने का ऐलान

**मुंबई,17 मार्च।** महाराष्ट्र में मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र को लेकर विवाद गहरा गया है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने औरंगजेब की कब्र को तोड़ने का ऐलान किया है। हिंदूवादी संगठनों के ऐलान के बाद प्रशासन ने औरंगजेब के कब्र की सिक्योरिटी बढ़ा दी है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस जवानों को तैनात किया गया है। वीएचपी-बजरंग दल ने महाराष्ट्र सरकार को धमकी देते हुए कहा कि अगर औरंगजेब की कब्र हटाने में देरी हुई तो वे 'कारसेवा' करेंगे। हिंदूवादी संगठनों की चेतावनी के बाद औरंगजेब की कब्र के पास स्टेट रिजर्व पुलिस फोर्स को तैनात किया गया है। बता दें कि वीएचपी और बजरंग दल ने कब्र हटाने के लिए आज से जन अभियान शुरू कर रही है। इस दौरान लोगों से तहसील दफ्तरों में जाकर मांग करने की अपील की गई है। महाराष्ट्र सरकार भी कब्र हटाने के पक्ष में है। छत्रपति संभाजीनगर में औरंगजेब की कब्र के आस-पास सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। कब्र को तोड़ने को लेकर मिल रही धमकियों के चलते, शनिवार को जिले के पुलिस अधिकारियों ने कब्र का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान एसआरपी की एक बैच को तैनात किया गया, जबकि पहले से ही स्थानीय पुलिस की सुरक्षा मौजूद है।

# पीडब्लूडी के सवालों पर साव को राघवेन्द्र सिंह व महंत ने घेरा

## साव ने कहा- शिकायत आने पर निश्चित करेंगे कार्रवाई



**रायपुर,17 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान आज विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के साथ नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने लोक निर्माण विभाग के कार्यों को लेकर उप मुख्यमंत्री अरुण साव को घेरा. अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने कहा कि डेढ़ हजार पन्नों का उत्तर प्रश्न काल में पूरा नहीं दिया जा सकता, इसलिए कम से कम शब्दों में जवाब देने की कोशिश करें. विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने लोक निर्माण विभाग संभाग बिलासपुर द्वारा वार्षिक मरम्मत विद्युतीकरण पर व्यय राशि का मुद्दा उठाया. उन्होंने कहा कि भवन और स्थानों की जानकारी मांगी थी, लेकिन सिर्फ सेक्शन की जानकारी दी गई है. कितने एग्रीमेंटेड ओर कितने गैर एग्रीमेंटेड उद्योग कराए गए है? इस पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि 2016-से 2024 की अवधि में 9156 स्थानों के कार्य कराए गए है. दो-तीन कार्यों का बिल ठेकेदार एक ही बार में ले लेता है, इसलिए इसकी इंट्री माप पुस्तिका में होती है. उन्होंने बताया कि कुल इस अवधि में 596 अनुबंधित और 16705 गैर अनुबंधित कार्यों के लिए 32 करोड़ 3 लाख का भुगतान किया गया है. विधायक राघवेंद्र सिंह ने सवाल किया कि क्या जब भुगतान करते है तो क्या स्थान का नाम उल्लेखित करना अनिवार्य है कि नहीं. इस पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि देयक के स्थान का उल्लेख नहीं होता माप पुस्तिका में होता है. इस पर विधायक ने सवाल किया कि आप के ही डिपार्टमेंट से एक नोटिस इशू किया जाता है कि अगर भवनों ओर स्थानों का नाम नहीं दिया जाता तो सभी देयकों को फर्जी माना जाएगा. किन-किन भवनों में क्या-क्या काम संचालित हुआ है, इसकी जानकारी दी जाए. लगभग 100 करोड़ का मामला है. एक भी जानकारी प्रदान नहीं की जा रही है. उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि अगर किसी सब डिवीजन के बारे में कंप्लेंट है, तो जानकारी दे दें. उस पर जांच कराई जाएगी. इस पर विधायक राघवेंद्र सिंह ने कहा कि कितनी शिकायतें आई है. उस पर क्या एक्शन लिया गया है. वह सवाल भी हटा दिया गया है. नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने सवाल किया कि आपने 100 करोड़ का भुगतान कैसे कर दिया. फिर आप लोगों के गाइड लाइन ही क्यों जारी की है. इसकी क्या जरूरत पड़ गई? इस पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि शासकीय राशि का दुरुपयोग ना हो, इसके लिए अधिकारी समय-समय पर जानकारी देते रहते है. आपके नॉलेज के अगर कोई ऐसी कम्पलेंट है, तो आप उपलब्ध कराए कार्यवाही निश्चित ही की जाएगी.

इस पर अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने कहा कि इस प्रश्न का उत्तर लंबा है. डेढ़ हजार पन्नों का उत्तर प्रश्न काल में पूरा नहीं दिया जा सकता, इसलिए इससे कम से कम शब्दों में जवाब देने को कोशिश करें, ताकि उत्तर समय से आ जाए. इस पर विधायक राघवेंद्र सिंह ने कहा कि मैने जो प्रश्न पूछा उसका जवाब ही नहीं आया. मैने स्थान की बात की है, लेकिन सेक्शन की जानकारी दे दी जा रही है. भाजपा विधायक धरम लाल कौशिक ने कहा कि भवन बना ही नहीं होगा. पिछले सरकार के कार्यकाल में ऐसा ही हुआ है. इस पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि 1500 पृष्ठों की जानकारी है, और भी जानकारी चाहिए तो उपलब्ध करा देंगे.

# पाक सेना पर हमले का बलूच विद्रोहियों ने जारी किया वीडियो

**लाहौर,17 मार्च।** बलूच लिबरेशन आर्मी ने रविवार को पाकिस्तानी सेना पर किए हमले का वीडियो किया जारी किया है। बीएलए ने वीडियो जारी कर बताया कि कैसे 90 पाकिस्तान सेना के जवानों को मार गिराया। हमले में 90 पाकिस्तानी सैन्यकर्मियों को मारने का दावा करने के कुछ घंटों बाद इसकी विशेष बल इकाई, मजीद ब्रिगेड ने हमले के वीडियो जारी किया। बीएलए और पाकिस्तानी सेना दोनों द्वारा जारी किए गए हमले के फुटेज में दिखाया गया है कि कैसे क्वेटा से लगभग 150 किलोमीटर दूर बलूचिस्तान प्रांत के दक्षिण-पश्चिमी पाकिस्तान के नोशकी में वाहनों को पूरी तरह से तबाह कर दिया गया। बीएलए ने दिन में पहले एक आधिकारिक बयान में कहा कि मजीद ब्रिगेड ने बीएलए की एक अन्य इकाई फतेह स्क्वाड के साथ मिलकर एक सैन्य काफिले को निशाना बनाया। इसमें आठ बसें शामिल थीं, जिनमें से एक बस विस्फोट में पूरी तरह तबाह हो गई। बीएलए ने अपने आधिकारिक बयान में आगे दावा किया कि धमाके के बाद फतेह दस्ते ने काफिले के पास पहुंचकर उसे घेर लिया और व्यवस्थित रूप से उसमें सवार सभी सैन्य कर्मियों को मार डाला। दूसरी ओर, पाकिस्तानी सेना ने दावा किया कि क्वेटा से ताफ्तान जा रहे उनके काफिले पर हमला होने के बाद उसके केवल सात सैनिक मारे गए और 21 घायल हुए। एक आईईडी से लदे वाहन ने बसों में से एक को टक्कर मार दी, जिससे उसमें विस्फोट हो गया। इस हमले को पाकिस्तानी सेना ने आत्मघाती हमला बताया. एक अन्य बस को रॉकेट-प्रोपेल्ड ग्रेनेड (आरपीजी) से निशाना बनाया गया।

### वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ दिल्ली के जंतर मंतर पर मुस्लिम संगठनों का हल्ला बोल

**नई दिल्ली,17 मार्च।** वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ दिल्ली के जंतर मंतर पर मुस्लिम संगठनों ने हल्ला बोला। मुस्लिम संगठनों ने वक्फ बिल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और अन्य संगठनों के कार्यकर्ता देशभर से एकत्र हुए। मुस्लिम संगठनों के प्रदर्शन में कई विपक्षी दल शामिल हुए। मुस्लिम संगठनों ने कहा कि यह काला कानून है और उनके धार्मिक अधिकारों का हनन करता है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे आंदोलन करेंगे।

# 'लश्कर चीफ हाफिज सईद मारा गया'

## पाक पत्रकार मोना आलम का बड़ा दावा

**करांची,17 मार्च।** भारत का मोस्ट वांटेड आतंकी और 26/11 मुंबई आतंकी हमले का मास्टरमाइंड लश्कर चीफ हाफिज सईद मारा गया है। हाफिज सईद के सहयोगी अबू कताल की हत्या के दौरान ही हाफिज सईद मारा गया। हाफिज सईद को पाकिस्तान में कुछ लोगों ने मार दिया। ये बड़ा दावा सोशल मीडिया और भारतीय मीडिया में किया जा रहा है। इसपर अब पाकिस्तानी पत्रकार मोना आलम ने अपना रिएक्शन दिया है। पाकिस्तानी पत्रकार मोना आलम ने हाफिज सईद को लेकर बड़ा दावा किय। मोना आलम ने कहा कि भारतीय मीडिया और सोशल मीडिया में कल से खबर चल रही है कि हाफिज सईद को पाकिस्तान में कुछ लोगों ने मार दिया है। मैं आपको ये बता दूं कि ये फेक खबर है। मैंने ये चेक किया है। मैं जिम्मेदारी से बात कर रही हूं। हालांकि, उन्होंने कहा कि उन्हें ये नहीं पता कि वे कहां हैं। वे अभी नजरबंद हैं। मुझे ये पता है कि उनकी मौत की खबर मनगढ़ंत है। बता दें कि पाकिस्तान (पीओके) के झेलम में शनिवार रात आठ बजे अबु कताल की हत्या कर दी गई। जिया-उर-रहमान उर्फ नदीम उर्फ अबू कताल को अज्ञात हमलावरों ने ताबड़तोड़ कई गोलियां मारी। खबर है कि उस वक्त कताल के साथ हाफिज सईद भी मौजूद था। उसके बाद से लश्कर चीफ गायब है। उसका कहीं पता नहीं चल रहा है। इसके बाद से हाफिज सईद को लेकर भी सस्पेंस बना हुआ है।



# महापौर मीनल चौबे ने बनाई अपनी टीम

## गिदवानी को मिला ढेबर को हराने का इनाम,5 महिलाएं शामिल



**रायपुर,17 मार्च।** रायपुर नगर निगम में मेयर इन काउंसिल (MIC) के सदस्यों के नामों की घोषणा हो गई है। महापौर मीनल चौबे ने MIC मेंबर्स का गठन किया है। इसमें नए और पुराने पार्षदों के नाम देखने को मिल रहे है। सीनियर पार्षदों में उप नेता प्रतिपक्ष रहे मनोज वर्मा, दीपक जायसवाल, सरिता दुबे सहित 14 पार्षदों के नाम लिस्ट में शामिल हैं। निगम में 14 विभाग तय किए गए है और सभी अलग-अलग विभागों में अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

**दीपक जायसवाल**- लोक कर्म विभाग
**डॉ अनामिक सिंह** - सामान्य प्रशासन
**मनोज वर्मा**- नगरीय नियोजन एवं भवन अनुज्ञा
**मनोज अवतार बगल**- राजस्व
**संतोष साहू**- जल कार्य विभाग
**गायत्री चन्द्राकार**- लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग
**सुमन अशोक पांडे** - विद्युत एवं अभियांत्रिकी
**महेंद्र खोडियार**- वित्त लेखा अंकीक्षण विभाग
**खेम कुमार सेन** - शहरी गरीबी उपशमन एवं समाज कल्याण विभाग
**सरिता दुबे** - महिला बाल विकास
**संजना हियाल** - अनुसूचित जाति एवं जनजाति
**अमर गिदवानी** - संस्कृति विभाग
**नंद किशोर साहू** - खेल कूद युवा कल्याण
**भोला साहू** - पर्यावरण उद्यानिक विभाग

# न्यूजीलैंड के पीएम लक्सन ने भारत को बताया 'अविश्वसनीय रूप से उदार'

**नई दिल्ली,17 मार्च।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने सोमवार को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में मुलाकात की और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने पर चर्चा की। लक्सन की भारत की आधिकारिक यात्रा के तहत हुई इस बैठक में आर्थिक सहयोग, व्यापार विस्तार और क्षेत्रीय सुरक्षा सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई। पांच दिवसीय यात्रा पर रविवार को भारत पहुंचे लक्सन का प्रधानमंत्री मोदी ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस बैठक में भारत-न्यूजीलैंड संबंधों में बढ़ती गति को रेखांकित किया गया, जिसमें दोनों नेता सहयोग के लिए आगे के अवसरों का पता लगाने के लिए तैयार हैं। इस यात्रा में दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत शुरू करने पर भी चर्चा हुई, जो आर्थिक जुड़ाव को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लक्सन की यात्रा में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बैठक भी शामिल थी, जहाँ दोनों पक्षों ने



कूटनीतिक और आर्थिक संबंधों को बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री भू-राजनीति और भू-अर्थशास्त्र पर भारत के प्रमुख सम्मेलन रायसीना डायलॉग में मुख्य भाषण देने वाले हैं, जहाँ वे वैश्विक सुरक्षा और आर्थिक सहयोग से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर चर्चा करेंगे। पीएम मोदी के साथ अपनी बैठक के बाद, लक्सन हैदराबाद हाउस में कई समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर करते हुए नज़र आएंगे, जिससे दोनों देशों के बीच साझेदारी और मज़बूत होगी। इसके बाद वे राष्ट्रपति भवन जाकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाक़ात करेंगे। लक्सन 19-20 मार्च को मुंबई का भी दौरा करेंगे, जहां वे भारतीय व्यापार जगत के नेताओं और विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों से बातचीत करेंगे। बयान में आगे कहा गया है कि लक्सन के साथ विभिन्न क्षेत्रों से एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आएगा। उनके साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आएगा, जिसमें मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, व्यवसाय, मीडिया और न्यूजीलैंड में भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्य शामिल होंगे।

### राममंदिर में मुख्य पुजारी का पद खत्म

**अयोध्या,17 मार्च।** अब कोई मुख्य पुजारी नहीं होगा क्योंकि दास की उम्र और सम्मान का कोई व्यक्ति नहीं है, उन्होंने कहा कि कोई भी उनके जितना विद्वान नहीं है। राय ने रविवार को कहा, ÷हमने आचार्य सत्येंद्र दास से 6 महीने पहले पूछा था; अब कोई मुख्य पुजारी नहीं होगा। सत्येंद्र दास की उम्र और सम्मान का कोई व्यक्ति नहीं है। अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का निधन हो चुका है। इनके निधन के कई दिनों के बाद अयोध्या में अब कई मुख्य पुजारी नहीं होगा। ये जानकारी श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र सचिव चंपत राय ने दी है। चंपत राय ने आचार्य सत्येंद्र दास के निधन के बाद नए मुख्य पुजारी की नियुक्ति पर पूछे गए सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की।

### सीएसईबी के ट्रांसफार्मरों में लगी भीषण आग

**रायगढ़,17 मार्च।** जिले से आगजनी का मामला सामने आ रहा है, यहां कोतरा रोड स्थित सीएसईबी के ऑफिस के पीछे रखे बिजली के ट्रांसफार्मरो में भीषण आग लग गई है। आग लगने से इलाके में अफरातफरी मच गई है। पूरा आसमान काले धुएं के गुब्बारे से भर गया है। हवा चलने से आग भड़क रही है, वहीं आग काफी तेज बताई जा रही है। सुचना पर मौके पर दमकल की गाड़ियां पहुंचकर आग बुझाने में जुटी हुई है। आग पर काबू पाने के लिए जिंदल कंपनी से भी फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को मंगवाया गया है। आपको यह भी बता दें कि हवा चलने की वजह से आग भड़क रही है और आस पास के रियायशी कॉलोनी तक पहुंचने लगी है, वहीं धुंआ भरने की वजह से कॉलोनी वालों को बाहर निकाला जा रहा है। जल्द ही अगर आग पर काबू तो बड़ी हानि हो सकती है।

# हिंदुस्तान कानून से चलता हैः रिजिजू

**नईदिल्ली, 17 मार्च ।** केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक पर मुस्लिम समाज में भ्रम फैलाया जा रहा है। लाउडस्पीकर से गली-गली में गलत संदेश दिया जा रहा है कि सरकार वक्फ की जमीनें छीन लेगी, कब्रगाहों पर कब्जा कर लेगी। यह सारी गलत बातें हैं। केंद्रीय मंत्री का यह रुख सोमवार को जंतर-मंतर पर मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के धरना-प्रदर्शन से पहले आया है। रिजिजू रविवार को इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर में दिल्ली भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से आयोजित रोजा इफ्तार पार्टी से इतर पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान कानून से चलता है। कैसे कोई किसी की जमीन छिन सकता है। फिर भी अगर सरकार कुछ गलती करती है तो न्यायालय है। उन्होंने विपक्ष पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया। कहा कि उनका काम विरोध करना है, लेकिन झूठ तो न बोलें।उन्होंने कहा कि मोदी सरकार यह कानून मुस्लिम समाज की भलाई के लिए लाई है। वैश्विक स्तर पर देश में सर्वाधिक वक्फ की जमीन है, सरकार की जिम्मेदारी है कि उसका फायदा समाज को मिले। कहा कि जेपीसी पर सभी सवालों का जवाब दिया गया है। जब यह कानून संसद में आएगा तो एक-एक बात का जवाब दूंगा।उधर, मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के एक पदाधिकारी ने बताया कि सोमवार को प्रदर्शन में जमीयत उलेमा-ए-हिंद, जमात-ए- इस्लामी, जमीयत अहले हदीस व ऑल इंडिया मिल्ली काउंसिल जैसे धार्मिक संगठन भाग लेंगे।इसी तरह कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, विपक्ष के नेता राहुल गांधी, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, राजद से मनोज झा, आप से संजय सिंह समेत डीएमके, एआईएमआईएम, तृणमूल कांग्रेस अन्य विपक्षी दलों को भी आमंत्रित किया गया है।



# चीन से पाकिस्तान को अब नहीं मिलेगी एक फूटी कौड़ी भी

**करांची,17 मार्च।** इस वक्त हर पल पाकिस्तान में हो रहे आतंकी हमलों ने पाकिस्तान में कोहराम मचा रखा है। पाकिस्तानी सेना इस समय डर के साए में जी रही है। उधर सबसे बड़ा असर चीन पर हुआ है। बीएलए और टीटीपी के हमलों से इस समय चीन पर बड़ा प्रभाव पड़ा है। चीन इस समय पाकिस्तान में हुए आतंकी हमलों के लिए अब ये मान चुकी है कि पाकिस्तानी सेना इन आतंकी हमलों को रोक पाने में असमर्थ हैं। उसने बड़ा फैसला ले लिया है। चीन ने फैसला किया है कि वो मौजूदा समय में पाकिस्तान में चल रहे प्रोजेक्ट का पैसा रोक देगा। पाकिस्तान के दावे वाले बलूचिस्तान प्रांत में बलूच लिबरेशन आर्मी ने पांच दिनों में दूसरा हमला करके पाकिस्तानी सेना की नींद उड़ा दी है। उधर पाकिस्तान सरकार बिना पैसे के अब खाली हाथ बैठने वाली है। इधर सुसाइड अटैक की खबर आई और उधर चीन से भी एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है। खबर मिल रही है कि चीन अब जल्द ही पाकिस्तान में चल रहे प्रोजेक्ट को लेकर बड़ा फैसला कर सकता है। खबरों की मानें तो चीन पाकिस्तान में चल रहे प्रोजेक्ट में फिलहाल



के लिए रोक लगाने वाला है। चीन ने पाकिस्तान में सुरक्षा के नाम पर अपना अंधा पैसा लगाया है। जिसे देखते हुए पाकिस्तानी सेना अब तक कुछ भी पुख्ता नहीं कर पाई है। पाकिस्तानी सेना आतंकी हमलों को रोक पाने में असमर्थ साबित हो रही है। बीएलए के एक और हमले के बाद चीन के हौसले भी ठंडे पड़ चुके हैं। बीएलए ने दावा किया है कि उसने आत्मघाती हमले में 90 सैनिकों को मार डाला है। बलूच लिबरेशन आर्मी ने कहा कि बलूच विद्रोहियों द्वारा सैनिकों को ले जा रहे सैन्य काफिले पर हमला करने के बाद कुल 90 पाकिस्तानी सैन्यकर्मी मारे गए। हालांकि, एक पाकिस्तानी पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमले में केवल पांच अर्धसैनिक बल के जवान मारे गए। हमले की जिम्मेदारी लेते हुए, पाकिस्तान के बलूचिस्तान में अलगाववादी समूह बीएलए ने कहा कि उन्होंने ÷कुछ घंटे पहले नोशकी में आरसीडी राजमार्ग पर रक्षन मिल के पास वीबीआईईडी फिदायी हमले में कब्जे वाली पाकिस्तानी सेना के काफिले को निशाना बनाया। विद्रोही समूह ने दावा किया कि काफिले में आठ बसें थीं, जिनमें से एक विस्फोट में पूरी तरह से नष्ट हो गई।

## एक नजर

### डूमर सरपंच के घर पथराव,तोड़फोड़



**भिलाई, 17 मार्च।** भिलाई होली की शाम को नंदिनी थाना क्षेत्र के ग्राम डूमर में जमकर बवाल हुआ। शराब के नशे में धुत दर्जन भर से अधिक लोगों ने गांव से सरपंच के घर पर पथराव किया और लाठी से वार कर बिजली का मीटर, दरवाजा, खिड़की और सरकारी नल व लाइट को तोड़ दिया। सरपंच की शिकायत पर नंदिनी पुलिस ने आरोपितों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की है गडूमर के सरपंच नरोत्तम ठाकुर की शिकायत पर गांव में रहने वाले आरोपित सूरज कुर्रे, आर्यन डहरिया, सागर देशलहरे, राहुल पाल, राजकुमार कुर्रे, राहुल कुर्रे, अजय कुर्रे, भुनेश कुर्रे, युगल किशोर, लक्की बंजारे, जितेश ठाकुर और जीतू ठाकुर व अन्य लोगों पर मामला दर्ज किया गयां है। होली की शाम करीब सात बजे सरपंच का भाई मिलन ठाकुर मोहल्ले में लगे शासकीय नल पंप पर हाथ मुंह धो रहा था।

तभी आरोपित सूरज, आर्यन, सागर और राहुल गांव से शीतला चौक की तरफ से गाली-गलौज करते हुए नल के पास पहुंचे। वहां पर मिलन ने उन्हें गाली देने से मना किया तो चारों आरोपित उससे हाथापाई करने पर उतारू हो गए। मोहल्ले वालों ने आरोपितों को विवाद करता देखा तो वे वहां से चले गए और करीब एक घंटे बाद अपने बाकी के साथियों को लेकर फिर से पहुंचे वहां पर आरोपितों ने जमकर उत्पात मचाया गांव वालों ने पुलिस को जानकारी दी सरपंच नरोत्तम ने नंदिनी थाना में आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं दूसरे पक्ष के देवी दास कुर्रे की ओर से सरपंच नरोत्तम, उसके भाई मिलन, गोपी ठाकुर, अजय राव और खोमन ध्रुव के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है ।

### यातायात पुलिस सुरक्षा अभियान चलाएगी



**भिलाई, 17 मार्च।** भिलाई यातायात पुलिस ने ऑपरेशन सुरक्षा अभियान चलाएगी इस अभियान में शराब पीकर वाहन, बिना हेलमेट दो पहिया वाहन एवं माल वाहक वाहनों में सवारी ले जाने वाले पर सख्ती बरतेगी वहीं प्रतिदिन शराब वाहन चेकिंग के लिए अलग-अलग जोन में फिक्स पाइंट लगाया जाएगा। ऐसे वाहन चालकों के लायसेंस भी निलंबन कराने की भी कार्रवाई की जाएगी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( यातायात ) ऋचा मिश्रा ने बताया कि सड़क दुर्घटना में होनी वाली मौत को रोकने के प्रयास में रविवार को सभी यातायात जोन प्रभारी एवं टैगो मोबाइल का मीटिंग ली गई ऑपरेशन सुरक्षा के तहत 16 मार्च से नशे की हालत में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए शराब पीकर वाहन चलाने वाले, बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वाले एवं माल वाहक में सवारी बैठाकर परिवहन करने वाले वाहन चालको के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी यातायात पुलिस ने 6 फिक्स वाहन चेकिंग पॉइंट लगाया गया जिसमें वाहन चालकों को ब्रिथएनालाइजर मशीन से चेक किया जाएगा वाहन चालक नशे के हालात में पाये जाने पर वाहन जब्त की जाएगी एवं न्यायालय पेश किया जाएगा ।

### शराब के नशे में नाली में गिरे, मौत

**भिलाई, 17 मार्च।** भिलाई होली की खुमारी में दो अलग.अलग जगहों पर शराब के नशे में नाली में गिरने से दो युवकों की मौत हो गई एक युवक की पहचान पुलिस ने कर ली लेकिन दूसरे की पहचान नहीं हो पाई है स्मृति नगर चौकी अंतर्गत नाले में एक युवक का शव पुलिस ने बरामद किया पुलिस ने उसकी पहचान मोहन देशमुख ;35 वर्षद्ध के रूप में की है मृतक मोहन मॉडल टाउन जुनवानी का रहने वाला है वो आदतन शराबी है बताया जाता है कि मोहन नाली साफ सफाईए हेल्परी का काम करता था वह पिछले दस दिनों से लापता था।

वह पहले भी कई बार इसी तरह घर से कई दिनों तक बाहर रहता था और शराब के नशे में पड़ा रहता था इसी तरह से पुरानी भिलाई पुलिस को हथखोज इंडस्ट्रियल एरिया में जियो पंप के पास नाले में एक युवक का शव मिला पुलिस ने शव को नाले से बाहरनिकलवाया कई लोगों से पूछताछ और पहचान कराने के बाद भी उसकी पहचान नहीं हुई है ।

### रिपोर्ट पर अपराध दर्ज

**भिलाई, 17 मार्च।** भिलाई वैशाली नगर पुलिस ने रामनगर मुक्तिधाम निवासी डिलेश्वर विश्वकर्मा की रिपोर्ट पर नाबालिग व उसके साथी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है ।नाबालिग ने उसे आजकल बहुत उचक रहा है बोलते हुए गाली-गलौज कर हत्या करने की नियत से अपने पास रखे धारदार कटर प्राण घातक चोट पहुंचाया इस पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया पुलिस ने आरोपी निरज रंगारी, कैंप-1 संग्राम चौक व नाबालिग आरोपी अर्जुन नगर भिलाई को गिरफ्तार कर कार्रवाई की।

# देवनारायण देशमुख बने उतई नगर पंचायत के उपाध्यक्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 17 मार्च।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत उतई में शिव नारायण देशमुख जी को उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया।

इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा उपाध्यक्ष के रूप में नया सफर अपने अपने कार्य क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के प्रति समर्पित रहेगा। सभी के साथ मिलकर समाज हित के कार्यों को गति देने और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का संकल्प लिया। और निश्चित रूप से नगर पंचायत उतई को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी और क्षेत्र की प्रगति में एक नया आयाम जोड़ने का कार्य करेगी। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए जनहित और क्षेत्र के विकास के लिए सदैव समर्पित रहेंगे।बधाई देने वाले में उतई नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती नरेन्द्र साहू जी, सदस्य जिला पंचायत दुर्ग श्रद्धा पुरेंद्र साहू,मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर, पार्षदगण सोमेन्द्र सोनू राजपूत,लक्ष्मीनारायण साहू, सतीश कुमार चंद्राकर, लता सोनवानी भीमसेन सिन्हा विजय लक्ष्मी साहू द्वारिका साहू, खूबी राम साहू,अनीता नीलम गड़े संगीत रजक सुनीता गौतम चंद्राकर ,जिला कार्यालय मंत्री मनोज सोनी, सांसद प्रतिनिधि श्री दीपक %पप्पू% चंद्राकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे जी, श्री लालेश्वर साहू जी, रिसाली मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू , मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू राकेश जंघेल , चुनाव सह संचालक चेतन साहू उतई मंडल ने पार्षद विधि यादव पार्षद मनीष यादव, पूर्व पार्षद नरेंद्र साहू जी वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता चंदू देवांगन ,रूपेश पारख जी,पूर्व उतई मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा, धनश्याम चंद्राकर, टाकेश्वर साहू, विनोद हेड़ाऊ शशिकांत वर्मा, टुकेंद्र ठाकुर,रिसाली मंडल महामंत्री दशरथ साहू जी, नेता प्रति पक्ष शैलेन्द्र साहू जी, पूनम सपहा, राहुल यादव,घनश्याम चंद्राकर,नरेन्द्र निर्मलकर, कन्नू शर्मा,अनुपमा गोस्वामी, टेकेश्वर,राकेश देवांगन,पीयूष गंभीर,द्रोण साहू,ममता चंद्राकर,कोमल यादव,गुलशन वर्मा, राजेश्वरी पसीने,केशव महिपाल,शशिकांत वर्मा जी, विनोद हेड़ाऊ जी, टिकेश्वरी साहू जी, नरेन्द्र साहू जी, तुलु राम साहू जी, भूखन पटेल जी, ओपी चंद्राकर जी, ममता चंद्राकर, चेतन साहू जी, हुबलाल चंद्राकार जी, दीपक चंद्राकर जी, सुनीता वर्मा जी, रूपेश पारख जी,एकता चंद्राकर, प्रवीण यदु जी, विमला कामड़े जी, रंजना चंद्राकर शीतला रातें,हिमांशु साहू जी, सुनीता चंद्राकर जी, राधा धीवर जी, चेतन लाल साहू जी, चन्द कुमार साहू जी, दीपक बृजमोहन साहू, दानेश्वरी देशमुख जी, शीतल रात्रे जी, वैभव देवांगन जी रूखमणि साहू,किरण साहू, राकेश त्रिपाठी ललित सिंह , सुषमा सिंह वेद प्रकाश सर्वा, धर्मेंद्र यादव प्रवीण यदु, पुनाराम कलिहारी, गांधी बाग, फलेंद्र सिंह राजपूत, योगेश धनकर, आशीष भगत, योगेश महिपाल, केशव महिलपाल,टीकम साहू,सुनील साहू, बालमुकुंद साहू पार्षद रमा साहू, महिला मोर्चा महामंत्री कंचन सिंह खिलेशश्वरी,डालेंद्र, उषा साहू, सोभना प्रधान,सुष्मा सिंह ललिता सिंह.,सोहन रिगरी, दानेश्ववरी देशमुख, शशि वर्मा , ओपी वर्मा, धनश्याम चंद्राकर, कांति लाल साहू, प्रभा साहू, दुर्गा सेन, ताकेश्वर साहू, कोमल यादव, अजीत ठाकुर तुलु राम साहू, पार्षद माया यादव, पार्षद शीला ,महिला मोर्चा अध्यक्ष रुखमनी साहू , छाया पार्षद दुर्गेश साहू पार्षद विक्की चंद्राकर,संध्या साहू सुरभि साहू सुरुचि साहू ,शुभम वर्मा, सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पंथी नृत्य में ग्राम घुघसीडीह की छात्रा मुस्कान देशलाहरे ने रचा इतिहास



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 17 मार्च।** मुस्कान देशलाहरे की ग्राम घुघसीडीह आगमन पर पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के द्वारा फूल माला डीजे के साथ स्वागत करके रैली निकालकर घर तक छोडा गया।मुस्कान देशलाहरे इंद्रारा गांधी कृषि विश्वविद्यालय एग्रीकलचर बी एस सी फाइनल ईयर की छात्रा है।मुस्कान देशलाहरे पिता दिलीप लहरिया एक आटो चालक हैं। आज कुमारी मुस्कान देशलाहरे का ग्रामीणों ने सम्मान किया एवं उनके उज्जवल भविष्य कि कामना किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सरपंच ललिता बारले,उपसरपंच घनश्याम साहू,पूर्व मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा,भारतीय जनता युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण यदु,सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष फलेंद्र सिंह राजपूत,पूर्व सरपंच बैशाखुराम साहू,रोशन साहू,पंच संगीता बारले,पंच मंजू साहू,पंच अस्वनी बघेल,गजाधर सपहा, पूर्व सरपंच गोवर्धन बारले,पूर्व सरपंच प्रहलाद चंद्राकर,गौतम मारकंडे, पीयूष कोठारी, राजीवमारकंडे,प्रवीण बंजारे,दिनेश चंद्राकर। सहित अधिक संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहें।

## रोजा-इफ्तार में दिखा सर्वधर्म समभाव का नजारा

**भिलाई, 17 मार्च ।** प्रख्यात सूफी संत बाबा भोला शफी शाह रहमतुल्लाह अलैहि के जन्मदिन के मौके पर ग्राम बिरेभाट नंदिनी एयर स्ट्रिप के पास स्थित खानकाह (आश्रम) मुरादिया में रोजा इफ्तार व अन्य आयोजन रखे गए। इस दौरान बाबा सरकार के चाहने वालों में बड़ी तादाद में सर्वधर्म समुदाय के अकीदतमंद जुटे। यहां रोजेदारों के साथ सर्वधर्म के अकीदतमंदों ने भी इफ्तारी की। इसके बाद रोजेदारों ने मगरिब की नमाज अदा की। इस दौरान बाबा सरकार की गद्दी मुबारक लगाई गई और शिजरा ख्वानी और फातिहा ख्वानी हुई। मौजूद लोगों ने नात पाक व सलाम का नजराना पेश किया। वहीं मुल्क में अमन व सलामती के लिए दुआएं भी की गई। बाबा सरकार के जन्मदिन को देखते हुए अकीदतमंद अपने साथ केक भी लेकर आए थे, जिसे काट कर सभी तकसीम किया गया। वहीं सभी बच्चों को तोहफे दिए गए। आखिर में आम लंगर में सभी लोग शामिल हुए।






### पूजा के उपरांत जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश ने कार्य भार ग्रहण किया

**कवर्धा,17 मार्च।** पूजा के उपरांत कबीरधाम जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी ने कार्यभार ग्रहण किया । जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू , पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी , पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम कुमार भट्ट , बीजेपी वरिष्ठ नेता प्रताप चंद्रवंशी , बीजेपी वरिष्ठ बलदाऊ चंद्रवंशी , बीजेपी नेता अंबिका चंद्रवंशी , जिला पंचायत सदस्य राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे , जिला पंचायत सदस्य पूर्णिमा मणिराम साहू , पूर्व कुंडा मंडल अध्यक्ष मुकेश ठाकुर सहित कार्यकर्ताओं और परिवार के सदस्यों ने बधाई दी ।




### पूजा के उपरांत जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने कार्यभार ग्रहण किया

**कवर्धा,17 मार्च।** कबीरधाम जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने पूजा के उपरांत कार्य भार ग्रहण किया । पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी , जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी , जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट , जिला पंचायत सदस्य राजेश्वरी धृतलहरे , जिला पंचायत सदस्य पूर्णिमा साहू , बीजेपी वरिष्ठ नेता प्रताप चंद्रवंशी , बीजेपी वरिष्ठ नेता अंबिका चंद्रवंशी , युवा बीजेपी नेता नरेंद्र मानिकपुरी , ओंकार साहू और परिवार के सदस्य गण उपस्थित रहे ।

## होली का पर्व प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश देता है:भावना बोहरा

■ जिला पंचायत एक में कार्यकर्ता सम्मेलन और भव्य होली मिलन समारोह आयोजित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 17 मार्च।** जिला पंचायत एक सदस्य दीपा पप्पू धुर्वे द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन और होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पंडरिया विधायक भावना बोहरा शामिल हुई । पंडरिया विधायक भावना बोहरा , जिला पंचायत सदस्य दीपा पप्पू धुर्वे और जिला पंचायत सदस्य राजेश्वरी धृतलहरे का कार्यकर्ताओं ने गुलदस्ता भेंटकर सम्मान किया । पारंपरिक लोक नृत्य कार्यक्रम को देखकर पंडरिया विधायक भावना ने तारीफ की । पंडरिया विधायक बोहरा ने कहा की कार्यकर्ताओं की मेहनत और लोगों के आशीर्वाद से शहर हो या गांव हो सभी में बीजेपी की सरकार बनी है और गांवों में सर्वांगीण विकास पर हमेशा ध्यान दूंगी ।



पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने आमजन से मिलकर होली की शुभकामनाएँ दीं और कहा कि यह पर्व प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने सभी को आपसी मेल-जोल और सद्भाव बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने का अवसर भी है। यह पर्व हमे प्रेम और भाईचारे को बढ़ाने की सीख देता है। हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ की समृद्धि और विकास में योगदान दें, यही इस पर्व की सच्ची भावना है । जिला पंचायत सदस्य दीपा पप्पू धुर्वे और जिला पंचायत सदस्य राजेश्वरी धृतलहरे ने कहा की पंडरिया विधायक भावना दीदी के मार्गदर्शन में गांवों में सर्वांगीण विकास पर ध्यान देंगे ।

### जनपद पंचायत अध्यक्ष ने क्षेत्रवासियों के संग मनाई रंगों की होली

**राजनांदगांव।** जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा पप्पू चंद्राकर ने क्षेत्रवासियों के संग होली का उत्सव हर्षोल्लास से मनाया और उनके संग रंगों की खुशियां साझा की। जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर का ग्रामीण जनों ने आत्मीय स्वागत किया और खुद भी उनके संग होली के रंगों में रंग गए। अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर का सभी ने गर्मजोशी से स्वागत किया और गुलाल लगाया और पर्व की शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष ने कहा कि होली केवल रंगों का नहीं बल्कि प्रेम सोहार्द और आपसी मेल-जल का उत्सव है यह पर्व हमें हर भेदभाव भुलाकर एकता और भाईचारे का संदेश देता है उन्होंने ग्रामीण जनों से संवाद करती हुई उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं पर चर्चा भी की होली के इस उल्लास समय पर ग्रामीणों ने अध्यक्ष के साथ खुशियों बाटी और इस पर्व को सामाजिक, सोहार्द और उल्लास के साथ मनाया।जनपद अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर का ग्राम खैरा रवेली पहुंचे तो ग्रामीण जनों ने उनके संग पूरी आत्मीय से रंग गुलाल खेल जहां मिलन एक अनोखे उल्लास का प्रतीक बन गया।



### उतई हॉस्पिटल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

**उतई, 17 मार्च।** महिमा हॉस्पिटल उतई में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया है। इस कार्यक्रम की शुभारंभ संचालक डॉक्टर टी.आर. कुसुम यादव द्वारा किया। इस कार्यक्रम में डॉक्टर मोनी दीपाशाह स्त्री रोग विशेषज्ञ,डॉक्टर भुनेश्वरी देवांगन चर्म रोग विशेषज्ञ , डॉक्टर लता देवांगन रेडियोलॉजिस्ट, डॉ संभवी फिजियोथैरेपिस्टस्टाफ नर्स चंपेश्वरी साहू, महेश्वरी साहू, वर्षा वर्मा, किरण धनकर , कमलेश्वरी यादव ,दिव्या साहू, प्रियंका, सपना यादव, नेहा नारंग ,चंचल साहू ,शिवानी मंडल, मंजू ,कम्लेश्वरी यादव,पायल साहू, रेणुका चंद्राकर ,बेन कुमारी यादव, वर्षा जंघेल, नेहा चौधरी, प्रिया धनकर , नीता देवांगन, सत्यायादव रमा वर्मा ,चमेली साहू उपस्थित थे ।

## पीस ऑडिटोरियम में राधे-कृष्ण संग मनाई खुशियों के रंगों की होली



**भिलाई, 17 मार्च ।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में खुशियों और रंगों के महापर्व होली को राधे कृष्ण संग खेलकर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत चंदन की शीतलता से आत्मिक तिलक लगाकर की गई। फूलों और गुलाब जल की पिचकारियों से सभी ब्रह्मा वत्सो को होली पर्व की शुभकामनाएं दी गईं। प्रातः राजयोग सत्र के पश्चात परमात्मा को विशेष भोग अर्पण कर भिलाई सेवाकेंद्रो की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने कहा कि बीती बातों, विकारों और स्वयं की कमी कमजोरी,बुराइयों को जलाकर, परमात्मा के अविनाशी रंगों सहयोग, सफलता,शक्ति,गुण,प्रेम,मधुरता,शांति,आनंद, शीतलता, खुशी,उमंग उत्साह के अविनाशी रंगों से स्वयं और दूसरों के संग मनाए होली। राधे कृष्ण और डिवाइन ग्रुप बच्चों के संग सभा में उपस्थित ब्रह्मा वत्सो ने ब्रज की होली खेलकर माहौल को प्रेम, शांति और सौहार्द से भर दिया। पूरे आयोजन में उमंग, उत्साह और संतुष्टि के रंग बिखरे रहे। पीस ऑडिटोरियम के प्रांगण में एक हाथ में पिचकारी और एक हाथ में मुरली धारण किए मोर मुकुट धारी कान्हा की विशाल रंगोली सभी के आकर्षण का केंद्र रही।

## गर्मी को देखते हुए वाटर एटीएम का संधारण कर शीघ्र शुरू किया जायेगा

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के सभी जोन अंतर्गत वाटर एटीएम लगाया गया है। जो वाटर एटीएम चल रहे है, उसे और व्यवस्थित किया जायेगा। कुछ वाटर एटीएम में संधारण की आवश्यकता है, उसे एजेंसी के माध्यम से संधारित करवाया जा रहा है। गर्मी को देखते हुए निगम का यह प्रयास होगा कि सभी को पीने के लिए साफ पानी मिले।

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय स्वयं जाकर नगर निगम भिलाई क्षेत्र में संचालित हो रहे वाटर एटीएम का निरीक्षण करने गये। जोन क्रं. 5 में कुल 26 वाटर एटीएम संचालित है, जिसमें से 19 में पानी का सप्लाई चालू है और 7 वाटर एटीएम खराब है। आयुक्त स्वयं पानी पीकर सेक्टर 4 पोस्ट आफिस के पास वाटर एटीएम के पानी की शुद्वता की जांच किए। बीएसएनएल से रिटायर्ड रमेश सोनी ने बताया कि इस वाटर एटीएम का पानी बहुत मीठा है। इसलिए मैं यहीं से पानी ले जाता हूॅ। निगम भिलाई का यह बहुत अच्छा प्रयास है, कि सबको पीने का शुद्व मिनरल वाटर 5 रूपये में 20 लीटर मिल रहा है। वाटर एटीएम संधारणकर्ता एजेंसी जे कल्याण ने बताया कि कई बार लोग पानी नहीं रहने पर वाटर एटीएम चालू कर देते है। इससे एयर ले लेता है,



एयर निकालने में 2 से 3 घंटा लग जाता है। कभी-कभी मोटर भी जल जाता है, इसी के कारण बहुत सारे वाटर एटीएम में पानी नहीं आ रहा है। कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा पानी का नल, पैनल एवं अन्य सामग्री भी चोरी कर लिया गया है। इसके कारण पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है। नगर निगम भिलाई द्वारा सभी वाटर एटीएम का एजेंसी के माध्यम से सर्वे कराया जा रहा है। जिस एटीएम में कम खराबी है, उसे पहले चालू कर दिया जायेगा। जिसमें ज्यादा समस्या है उसको भी संधारित कर चालू कर किया जायेगा।

### धूमधाम से मनाया गया होली त्यौहार

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में कवर्धा और पंडरिया विधान सभा में सभी गांवों ओर सभी शहरों में बच्चे , बड़े गुलाल लगाकर होली खेलते दिखे । नगाड़े की धुन दिखी साथ ही बच्चे , बुजुर्ग , छात्र छात्राएं महिलाएं सभी होली मनाने में व्यस्त दिखे । जिला पंचायस सदस्य दीपा धुर्वे के निवास पर भी होली मनाने की भीड़ दिखी और कवर्धा में पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमण सिंह को भी हजारों कार्यकर्ताओं और जिले वासियों द्वारा होली की बधाई देते हुए दिखे ।

### निधन

#### मोहम्मद मुबारक हुसैन



**भिलाई, 17 मार्च ।** साक्षरता चौक कैंम्प -1 निवासी मोहम्मद मुबारक् हुसैन का 15 मार्च शनिवार की दोपहर इंतकाल हो गया। वे पिछले काफी दिनों से बीमार थे। उन्हें रविवार की दोपहर कब्रिस्तान हैदरगंज में सुपुर्दे खाक किया गया। वे मरहूम वली मोहम्मद के बड़े बेटे और मोहम्मद तबारक हुसैन के भाई थे।

## एक नजर

### नवनिर्वाचित सरपंच ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया

**डोंगरगढ़ 17 मार्च।** विकासखंड के ग्राम पंचायत अछोली में 15 मार्च को नवनिर्वाचित



सरपंच नंदकुमार साहू, ने पूर्व सरपंच श्रीमती मनीषा नेताम से पंचायत की सभी प्रकार की देनदारी, लेनदारी के साथ गांव के सभी सार्वजनिक संपत्ति का प्रभार सूची सचिव राजू वर्मा, पूर्णिमा मांडवी, उप पुखराज साहू, पंच पंच मूलचंद साहू,खेमचंद सहारे,सुप्रिया रानी जितेंद्र गुप्ता,खिलेश्वरी साहू,मुन्ना यादव,ज्योति नेताम,पारख साहू, सुनीता साहू,पूर्णिमा साहू,भंवर सिंग,सूर्या मानिकपुरी,भागचंद वर्मा,खुशबु साहू, ईश्वरी साहू,मोहनीश साहू,वंदना यूईके ,जीना सड़ेकर, उपकार दास साहू रेखराज वर्मा, चुम्मन दास साहू की कुछ तो उपस्थिति में प्रभार दिया गया है वहीं प्रहार देने के पश्चात निर्वाचित सरपंच उपसरपंच एवं पांच प्रतिनिधियों के बीच होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया जिस पर पंचायत प्रतिनिधियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी और पंचायत के कार्य को निष्ठा पूर्वक करने की बात कही है।

### डॉ. रमन सिंह से टेड़ेसरा के सरपंच खिलेश्वर साहू ने की मुलाक़ात

**राजनांदगांव, 17 मार्च।** जिले के सबसे बड़े ग्राम पंचायत टेड़ेसरा के नवनिर्वाचित सरपंच



खिलेश्वर साहू ने आज छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष व राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर गुलदस्ता भेंट किया, डॉ.रमन सिंह ने खिलेश्वर साहू को सरपंच नवनिर्वाचित होने पर बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी। इस अवसर पर साथ में भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित चंद्राकर, सुकुलदैहान मंडल अध्यक्ष मनोज साहू,तिलई मंडल अध्यक्ष परदेसी राम सोनबोईर उपस्थित रहे।

### पीएम सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना से बिजली की हो रही बचतः चावडा

**राजनांदगांव 17 मार्च।** भारत सरकार द्वारा शहरी एवं ग्रामीण घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को अपने घरों की छत पर रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने के उद्देश्य से प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। इस योजना के अंतर्गत राजनांदगांव जिले में घरों की छत पर रूफटॉप सोलर प्लांट हितग्राहियों के घरों में संयंत्र स्थापित किया जा रहा है। राजनांदगांव शहर के अनुपम नगर निवासी श्री रमेश एम चावडा ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना 1 लाख 90 हजार रूपए की लागत से 3 किलोवाट का रूफटॉप सोलर प्लांट लगाया है, जिसमें शासन की ओर से 78 हजार रूपए की अनुदान राशि प्राप्त हुई है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि केन्द्र सरकार की यह योजना बहुत अच्छी योजना है और इससे बिजली की बचत हो रही है। इसके साथ ही सौर ऊर्जा को बढ़ावा मिल रहा है तथा पर्यावरण की रक्षा हो रही है। सौर ऊर्जा के उपयोग से विद्युत ऊर्जा पर निर्भरता में कमी आयी है, जिससे बिजली के बिल भुगतान में कमी आयी है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को जागरूकता के साथ इस योजना का लाभ लेना चाहिए तथा अपने घरों में सौर ऊर्जा से संबंधित रूफटॉप सोलर प्लांट लगवाना चाहिए। शासन की ओर से इसे प्रोत्साहित किया जा रहा है। सौर ऊर्जा का विद्युत ऊर्जा के एक अच्छे विकल्प के रूप में उपयोग किया जा रहा है। प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत स्थापित प्लांट नेट मीटरिंग द्वारा विद्युत ग्रिड से संयोजित होगा, जिससे उपभोक्ता द्वारा अपनी खपत से अधिक उत्पादित बिजली ग्रिड में सप्लाई हो जाती है।

# मुख्यमंत्री साय ने राष्ट्रीय कन्नौजिया सोनार महापरिवार के समारोह में शामिल होकर छात्रों का सम्मान किया

- कार्यक्रम का आयोजन जशपुर विकासखंड के श्याम पैलेस में किया गया।
- सोनार समाज के सामाजिक भवन के लिए 25 लाख रुपये की घोषणा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर, 17 मार्च।** मुख्यमंत्री साय राष्ट्रीय कन्नौजिया सोनार महापरिवार के प्रतिभा सम्मान समारोह में हुए शामिल मुख्यमंत्री साय राष्ट्रीय कन्नौजिया सोनार महापरिवार के प्रतिभा सम्मान समारोह में हुए शामिलमुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय राष्ट्रीय कन्नौजिया सोनार महापरिवार के प्रतिभा सम्मान समारोह में हुए शामिल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज जशपुर विकासखंड के श्याम पैलेस में आयोजित राष्ट्रीय कन्नौजिया सोनार महापरिवार जशपुर मंडल के प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल हुए। उन्होंने समाज को सामाजिक भवन के निर्माण के लिए 25 लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने कक्षा 10वीं और 12वीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले, आईआईटी और मेडिकल प्रवेश परीक्षा में सफलता पाने वाले होनहार छात्रों को प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

**सोनार समाज के सामाजिक कार्यों की सराहना**-मुख्यमंत्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि सोनार समाज सामाजिक सेवा के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य कर रहा है। उन्होंने विशेष रूप से निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर, निर्धन बेटियों के विवाह, रक्तदान शिविर और वृक्षारोपण जैसे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज सेवा के ये प्रयास दूसरों के लिए भी प्रेरणादायक हैं और इससे पूरे समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।

**शिक्षा को बताया सबसे बड़ा हथियार, कमजोर परिवारों की मदद का आह्वान**-मुख्यमंत्री साय ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति के जीवन को नई दिशा देती है और उसके रहन-सहन को संवारती है। उन्होंने सोनार समाज से अपील की कि वे अपने बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाएं और कमजोर परिवारों के बच्चों को भी पढ़ाई में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि शिक्षा सबसे बड़ा हथियार है, जिससे न केवल व्यक्ति का भविष्य उज्ज्वल होता है, बल्कि पूरे समाज की प्रगति सुनिश्चित होती है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि उनकी सरकार को बने 15 महीने हो चुके हैं, और इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, कृष्णा राय, डॉ. राम प्रताप सिंह, विजय आदित्य सिंह जूदेव, सोनार समाज के जिला अध्यक्ष विकास सोनी सहित बड़ी संख्या में सोनार समाज के लोग उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### विप्र ब्राम्हण समाज के होली मिलन में सभी ने गले मिल होली की बधाई दी



**डोंगरगढ़, 17 मार्च।** नगर के स्थानीय केदारबाड़ी में स्थित विप्र भवन में समाज के लोगों ने 16 मार्च को भगवान् परशुराम की विधिवत पूजा अर्चना कर समाज के वरिष्ठजनो की उपस्थिति में एक दूसरे को रंग गुलाल लगा आशीर्वाद प्राप्त कर बड़ी धूमधाम से होली मिलन समारोह मनाया गया. इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. होली मिलन तो एक बहाना था हमारे लोगों को मिलाना था. इस व्यक्तव्य के साथ होली मिलन का सामारोह में आए हुए गणमान्यजनों ने कहा कि इस तरह के आयोजन लगातार समाज के विकास में सहयोगी होते हैं साथ ही त्योहारों के आयोजन होते रहने से समाज के बंधुओं का आपस में मिलना जुलना भी होता रहता है। आगामी 30 अप्रैल को मनाए जाने वाले श्री परशुराम जन्मोत्सव के लिए आगामी दिनों में समाज के आवश्यक बैठक रखी जाएगी जिसमें कार्यक्रम के वृहद रूप से आयोजन को लेकर आवश्यक रूपरेखा बनाई जाएगी।

इस होलिका मिलन पर समाज के अध्यक्षअनिल पांडे, सीएम ओझा कोषाध्यक्ष, राजेंद्र गर्ग, प्रमोद शुक्ला,अशोक पांडे, ओम प्रकाश पांडे, महेश तिवारी, लक्ष्मी नारायण पांडे,शशांक उपाध्याय,अमिताभ पांडे, अनिताब पांडे, वासु देव पाण्डेय, लक्ष्मण प्रसाद पांडे, उत्कर्ष मिश्रा, एस आर राय, शिरिष पांडे, राम प्रवेश शुक्ला, विष्णु उपाध्याय सहित समाज के सभी प्रबुध्धजन उपस्थित रहे.

# भोलापुर में होली के त्योहार में खूब खेला गया रंग,गुलाल



- एक दुरे को रंग गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया, 17 मार्च।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम भोलापुर मे रंगों का पर्व होली का त्योहार बड़े ही धूमधाम के साथ हर्षोल्लास व शांतिपूर्ण रूप से मनाया गया। होली त्यौहार के इस पावन अवसर पर एक दूसरे को गुलाल लगाकर गिले सिकवे को भूलाकर आपसी भाईचारा के साथ बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। होली त्यौहार के पावन अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित जिला भाजपा के महामंत्री रविंद्र वैष्णव ने कहा कि आज हम सब मिलकर होली का त्यौहार मना रहे हैं होली का यह त्यौहार गिले शिकवे को भुलाकर आपसी भाईचारा को ध्यान में रख कर मनाया जाता है आपके गांव में होली का त्यौहार एक साथ मिलकर एक जगह शांति रूप से मना रहे हैं देख कर बहुत खुशी हुई जिसमें गांव के प्रमुख लोग इकट्ठा हुए हैं । आप लोगों द्वारा होली त्योहार ऐसा ही और भविष्य में मनाते रहे जिसमें आपसी भाईचारा को बढ़ावा मिले आज के कार्यक्रम में आप लोगों के साथ होली त्यौहार मनाने का अवसर मिला इसके लिए आप सबको बहुत बहुत धन्यवाद शुभकामनाएं। होली मिलन कार्यक्रम को शिशुपाल साहू ,रूखम प्रसाद पांडे ,टीकम प्रसाद पांडे, मोहित राम सिन्हा, हुमन ठाकुर ने भी संबोधित किया । कार्यक्रम का संचालन मनबोध चतुर्वेदी एवं आभार व्यक्त जागृत दास साहू ने किया। इस अवसर पर रविंद्र वैष्णव ( महामंत्री जिला भाजपा राजनंदगांव ) शिशुपाल साहू ,ग्राम पटेल मोहित राम सिन्हा , ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष हेम साहू , पूर्व सरपंच रूखम प्रसाद पांडे ,पूर्व सरपंच हुमन ठाकुर ,टीकम प्रसाद पांडे , दुकालू राम साहू ,पोखन साहू ,लखन साहू ,गुहा साहू ,कुंजलाल साहू, मनबोध चतुर्वेदी ,इंदल साहू ,देवदास साहू, बहुरदास वाडेकर , टीकम देवांगन , यादव राम साहू ,चेतन प्रसाद दुबे , प्रभु राम साहू ,ईंदू राम साहू ,लालाराम साहू , गोपी देवांगन ,भीषम साहू , परमानंद ,जागृत दास साहू , यश राम साहू ,त्रिभुवन , विजय साहू ,दिनेश साहू , मंगूराम साहू , आदि लोग उपस्थित थे।

# जमीन बिक्री के कम पैसे लेने की बात पर पत्नी की हत्या

- पत्नी की हत्या करने वाले को किया गया गिरफतार

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 17 मार्च।** प्रकरण सदर में सूचना मिला की एक महिला श्रीमती मंगलीन साहू पति अजय मजूमदार उम्र 32 साल निवासी ग्राम टेडेसरा को आज दिनांक 13.03.2025 के 12:25 एएम बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोमनी में मृत अवस्था में लाया गया है कि सूचना पर थाना सेमनी में मर्ग कायम कर जॉच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया है, मृतिका के शरीर पर अनेको स्थान पर चोट के निशान मृतिका की मृत्यु संदेहास्पद होने से श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन के नेतृत्व में फारेंसिक टीम एवं डॉग स्क्वाड टीम के घटनास्थल पहूचकर बारीकी से निरीक्षण किया गया मृतिका के शव का शार्ट पी.एम. रिपोर्ट सी.एच.सी. सोमनी से प्राप्त कर शॉर्ट पी.एम. रिपोर्ट का अवलोकन करने पर मृतिका की मृत्यु शरीर में अनेको जगह आए चोट से होना लेख होने पर घटना स्थल के आस पडोस के रहने वालो एवं मुखबीरो से पुछताछ करने पर जानकारी प्राप्त हुआ कि मृतिका मंगलीन साहू का पति अजय मजुमदार अपने पत्नि से आए दिन लडाई झगडा कर मारपीट करता था घटना दिनांक 12.03.2025 को भी मृतिका से झगडा विवाद कर मारपीट किया है।



### जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र विभिन्न गांवों के फाग महोत्सव में शामिल हुई



**छुरिय, 17 मार्च।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मगर धोकरा , दतरेगाटोला, भोलापुर,जरहामहका,बेलरगोदी, हैदर कोड़ों, तेलंगाना, पदगुडा, एवं बोईडीह साल्हे जैसे विभिन्न गांवों में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। ग्राम वासियों के द्वारा प्रथम बार जिला पंचायत अध्यक्ष निर्वाचित होने के पश्चात कार्यक्रम में शामिल होने के अवसर पर फूल माला गुलाल से नव निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वैष्णव का अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया गया। श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने ग्राम वासियों को रंगों के महापर्व होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि हमारी पौराणिक कथाओं में फाग में होली खेलने तथा प्रकृति की सुंदरता और राधा-कृष्ण के प्रेम का वर्णन है।आप सबके जीवन में खुशियों का रंग घुले, प्रेम की अमृत वर्षा हो और हँसते-मुस्कुराते उत्सवों का आनंद बना रहे।होली का त्योहार राधा और कृष्ण की पावन प्रेम कहानी से भी जुडा हुआ है। वसंत के सुंदर मौसम में एक दूसरे पर रंग डालना उनकी लीला का एक अंग माना गया है। मथुरा और वृन्दावन की होली राधा और कृष्ण के इसी रंग में डूबी हुई होती है। बरसाने और नंदगाँव की लठमार होली तो प्रसिद्ध है ही । साथ ही श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने जिला पंचायत सदस्य चुनाव में सहयोग कर विजयी बनाने के लिए ग्राम वासियों का सहृदय आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित की, और कहा कि आप सभी के सहयोग से जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुई और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा मुझे जिला पंचायत अध्यक्ष के रूप में अधिकृत कर मुझे जिला पंचायत अध्यक्ष बनाया मैं सदैव आप सभी के साथ मिलकर क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य करूंगी व आपके हर सुख दुःख में सदैव आपके बीच उपस्थित रहुंगी। इस अवसर पर जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, जिला पंचायत सदस्य गोपाल भुआर्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय सिन्हा, भाजपा मंडल गैंदाटोला अध्यक्ष खिलेश्वर साहु,कुमर्दा मंडल अध्यक्ष हिरदे देवांगन, जनपद सदस्य भेष बाई साहू, बोधन साहु, कुमार साहू, कुमारशय साहू, शिशुपाल साहू, चंद्रिका वर्मा अंजली धावड़े, महेश यदु,कमलेश सोहन साहू समेत ग्राम वासियों उपस्थित थे।

### चाकू लेकर लोगों को भयभीत करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**राजनांदगांव, 17 मार्च।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग (भा.पु.से.) के कुशल मार्गदर्शन पर श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के दिशा निर्देश पर होली पर्व के दौरान, होली शांतिपूर्ण एवं सौहर्दपूर्ण मनाये जाने हेतु अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु लगातार विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में विशेष अभियान के तहत दिनांक 15.03.2025 को जरिये मोबाईल सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति होम्यो पैथिक कार्यालय सागरपारा राजनांदगांव के पास हाथ में धारदार चाकू रखकर आने जाने वाले आम जनता को डरा धमका रहा है, कि सूचना पर मौके पर पहुॅचकर आरोपी सूर्यकांत गोड उर्फ दादू पिता लक्ष्मण गोंड उम्र 28 साल निवासी सागरपारा राजनांदगांव थाना बसंतपुर को घेराबंदी कर पकडा गया जिसके कब्जे से लोहे का धारदार चाकू जप्त कर आरोपी के विरूद्व आर्म्स एक्ट के तहत् कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया , जिसे माननीय न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल भेजा गया।




# जिले में हर्षोल्लास एवं शांति से मनाया गया होली का त्योहार

- होली के दौरान राजनांदगांव पुलिस 72 घण्टे लगातार शिफ्ट में करती रही ड्यूटी
- चप्पे-चप्पे में 350 से अधिक पुलिस के जवान रहे तैनात

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 17 मार्च।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में एवं सी.एस.पी. पुष्पेन्द्र नायक, एस.डी.ओ.पी. आशीष कुंजाम, एस.डी.ओ.पी. दिलीप सिसोदिया के पर्यवेक्षण में रक्षित निरीक्षक एवं समस्त थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में होली त्यौहार के दौरान जिले के सभी शहरी इलाकों एवं ग्रामों में पुलिस की चाकचौबंद व्यवस्था रही, इस बार राजनांदगांव पुलिस होलिका दहन से पूर्व से ड्यूटी पर तैनात था जो होली के दिन एवं उसके बाद एक दिन और कुल 72 घण्टे तक सिफ्ट में लगातार ड्यूटी करती रही इस दौरान जिले में थाना/चौकी के बल के अतिरिक्त 350 से अधिक पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई थी जिसमें 52-पैट्रोलिंग पार्टी चारपहिया वाहन में, 11-बाज स्कॉट मोटर सायकल में, 30-फिक्स पॉइंट एवं 17- गोताखोर की टीम तैनात किया गया था। इसके अतिरिक्त शहर में भीड़भाड़ एवं संवेदनशील इलाके में ड्रोन से की जा रही थी निगरानी।

### जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर ने क्षेत्रवासियों के संग मनाई रंगों की होली

**राजनांदगांव, 17 मार्च।** जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा पप्पू चंद्राकर ने क्षेत्रवासियों के संग होली का उत्सव हर्षोल्लास से मनाया और उनके संग रंगों की खुशियां साझा की। जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर का ग्रामीण जनों ने आत्मीय स्वागत किया और खुद भी उनके संग होली के रंगों में रंग गए। अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर का सभी ने गर्मजोशी से स्वागत किया और गुलाल लगाया और पर्व की शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष ने कहा कि होली केवल रंगों का नहीं बल्कि प्रेम सोहार्द और आपसी मेल-जल का उत्सव है यह पर्व हमें हर भेदभाव भुलाकर एकता और भाईचारे का संदेश देता है उन्होंने ग्रामीण जनों से संवाद करती हुई उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं पर चर्चा भी की होली के इस उल्लास समय पर ग्रामीणों ने अध्यक्ष के साथ खुशियों



बाटी और इस पर्व को सामाजिक, सोहार्द और उल्लास के साथ मनाया। जनपद अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर का ग्राम खैरा रवेली पहुंचे तो ग्रामीण जनों ने उनके संग पूरी आत्मीय से रंग गुलाल खेल जहां मिलन एक अनोखे उल्लास का प्रतीक बन गया जिसमें प्रेम स्नेह और भाईचारा के रंग घुल गए।

## शराबी शिक्षकों और लापरवाही बरतने वालों पर विभाग का चला डंडा

# जिले में माह भर में थोक में शिक्षक सस्पेंड, एक बर्खास्त

- कोंडागांव दुर्घटना मामले में दो शिक्षक सस्पेंड, तीन शिक्षकों का वेतनवृद्धि रोका

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**मोहला, 17 मार्च।** जिले में शिक्षा विभाग अब कार्यवाही को लेकर बेहद सख्त होती नजर आ रही है,लगभग एक माह के भीतर जिले में विभाग के आठ शिक्षक एक बाबू को निलंबित किया है वही एक शिक्षक को बर्खास्त किया गया है। क्योंकि शिक्षा सत्र अब अंतिम होने को है और शिक्षकों को कार्यो में लापरवाही बरतने के मामले में निलंबित किया है शिक्षा विभाग में जिले भर से एक माह के भीतर दस कर्मचारी निलंबित हुए है । मोहला मानपुर चौकी जिले में शिक्षकों की कमी जूझता रहा है वही दूसरी तरफ कार्यो में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों को निलंबित किया गया है।

**कोंडागाँव दुर्घटना मामले में दो शिक्षक निलंबित**-उन्नीस जनवरी को मोहला ब्लाक के केंवटटोला शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों को बिना अनुमति के बस्तर भ्रमण में ले गए थे जिसमे एक शिक्षक राजकुमार भुआर्य की मौत हो गई थी और स्कूली बच्चों को गंभीर चोटें आई थी। इस मामले में विभाग जांच टीम तैयार कर मामले की रिपोर्ट उच्च कार्यालय को भेज था । मामले की गंभीरता को देखते हुए विभाग ने केंवटटोला प्रधानपाठक भीमराव बारसागढ़े और विष्णुराम साहू संकुल समन्वयक को निलंबित किया गया साथ ही अन्य शिक्षक दिलीप गोरे,बलवन हिरवांनी और कोकिला मण्डावी का एक वार्षिक वेतन वृद्धि रोका गया ।

**शराब सेवन मामले में चार निलंबित, एक शिक्षक तीन साल में तीन बार निलंबित**-शिक्षकों को गुरु का दर्जा प्राप्त होता है लेकिन कुछ शिक्षक इस समाज को बदनाम करने पर उतारू हो गए है, जिले में शिक्षा विभाग ने शराब सेवन मामले में चार को निलंबित किया है जिनमें एक बाबू शामिल है,मानपुर ब्लाक से प्राथमिक शाला बिरुपारा संकुल केन्द्र सिवनी से शिकायत पर देवलूराम जुरेशिया,प्राथमिक शाला पालेभट्ठी से शराब सेवन व चिकन बनवाने का वीडियो सहित शिकायत के आधार पर रोहित कुमार गोटे को निलंबित किया गया,विभाग की जानकारी के अनुसार रोहित कुमार गोटे तीन साल में तीन बार निलंबित हो चुके है और उनके विरुद्ध विभागीय जांच की जा रही है । मोहला ब्लाक से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कुम्हली में पदस्थ शिक्षक पूरनलाल कंवर को अनुपस्थित रहने पर नोटिस दिया गया था जिसका जवाब देने शिक्षक कंवर ने शराब सेवन कर कार्यालय में उपस्थित हुआ था, विभाग द्वारा कार्यवाही कर निलंबित किया। अम्बागढ़ चौकी ब्लाक से शासकीय हाईस्कूल बूटाकसा में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 पुलस्य कुमार साव को शाला में अनुपस्थित और शराब सेवन मामले में निलंबित किया गया।

**मानपुर में लापरवाही मामले में तीन शिक्षक निलंबित,एक शिक्षक पर बीईओ से अभद्रता का आरोप**-जिले के मानपुर ब्लाक में शिक्षकों की कमी अधिक है, यहां अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों पर विभाग ने कार्यवाही की है जिनमें प्राथमिक शाला सेन्डावाही में संलग्न शिक्षक संजीव कुमार साहू को शाला में अनुपस्थित रहने की शिकायत पर निलंबित किया गया है, प्राथमिक शाला सहपाल में पदस्थ प्रधानपाठक घुरऊ राम मण्डावी शाला में अनुपस्थित रहने की शिकायत पर निलंबित किया गया है, पूर्व माध्यमिक शाला चोरिया फुलकोड़ो में पदस्थ शिक्षक श्रीहरि को खंड शिक्षा अधिकारी से अभद्र व्यवहार के चलते निलंबित किया गया है, बताया जा रहा है कि शिक्षक श्रीहरि को वीडियो के आधार पर निलंबित किया है वही वीडियो में किसी भी प्रकार की अभद्रता नही दिख रही है,सूत्र बता रहे है कि खंड शिक्षा अधिकारी खुद को बचाने शिक्षक श्रीहरि और सहपाल के प्रधानपाठक को निलंबित कराने शिकायत प्रतिवेदन भेजा गया है ? शिक्षा विभाग अगर इस मामले में दुबारा जांच करे तो तथ्य सामने निकलकर आ सकते है।

**शिक्षा विभाग ने विजय कुमार को किया बर्खास्त**-मानपुर ब्लाक के शासकीय प्राथमिक शाला मदनटोला में पदस्थ शिक्षक विजय कुमार लोनहारे को विभाग ने बर्खास्त कर दिया है । शिक्षक विजय कुमार लोनहारे वर्ष 2021 से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित चल रहे थे।

### बेरोजगार युवाओं को कौशल विकास और रोजगार के अवसरों से जोड़ने की कवायद

**धमतरी 17 मार्च।** जिले में बेरोजगार युवाओं के कौशल विकास और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के की कवायद की जा रही है। इसके लिए केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत देश की प्रतिष्ठित कंपनियों जैसे सेल, एनटीपीसी, पीजीसीआईएल, एसईसीएल, जिंदल, एचडीएफसी बैंक आदि में युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। योजना के तहत आवेदन के लिए आगामी 31 मार्च तक स्थानीय भोपाल राव पवार शासकीय पॉलिटेक्निक रूद्री (धमतरी) और जिले के विभिन्न आईटीआई संस्थानों में शिविर लगाया जा रहा है। संस्था के प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना ने बताया कि धमतरी जिले के युवाओं के लिए पंजीयन एवं आवेदन के लिए विशेष शिविर लगाया जा रहा है। इच्छुक युवा इस शिविर में उपस्थित होकर निःशुल्क पंजीयन एवं आवेदन कर सकते हैं। योजना का लाभ लेने के लिए पात्रता की जानकारी देते हुए प्राचार्य ने बताया कि 21 से 24 वर्ष तक की आयु के, दसवीं, बारहवीं, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक पास ऐसे विद्यार्थी, जो नियमित उच्च शिक्षा में पंजीकृत न हों और किसी किसी नियमित जॉब अथवा नियोजन में कार्यरत न हो तथा आवेदक के परिवार का कोई सदस्य शासकीय सेवा में न हो एवं वार्षिक आय 8 लाख से अधिक न हो पात्र होंगे।

- प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना : देश की प्रतिष्ठित कम्पनियों में युवाओं को किया जाएगा प्रशिक्षित,
- आवेदन के लिए जिले के पॉलीटेक्निक और आईटीआई संस्थानों में 31 मार्च तक लग रहा शिविर

## संपादकीय

सरकार किसी भी राजनीतिक दल की हो अगर उसको आर्थिक नुकसान उठाकर राजनीतिक फायदा होता है तो वह राजनीतिक फायदे के लिए आर्थिक नुकसान उठाना पसंद करती है। कोई सरकार यह करती नहीं है कि आर्थिक नुकसान हो रहा है तो वह राजनीतिक फायदा न उठाए,होता यह है कि राजनीतिक दल सत्ता में है तो वह राजनीतिक फायदे को ज्यादा महत्व देता है। वही राजनीतिक दल जब सत्ता में नहीं होता है और विपक्ष में होता है तो उसके लिए राजनीतिक फायदे से आर्थिक नुकसान ज्यादा बड़ा मुद्दा हो जाता है।आज छत्तीसगढ़ में भाजपा सत्ता में है। जो सत्ता में होता है, उसकी राजनीतिक मजबूरी भी होती है।उसे निरंतर साबित करना पड़ता है कि हम पिछली सरकार से ज्यादा अच्छा काम कर रहे हैं। हर साल सरकार को ज्यादा किसानों से ज्यादा पैसे में प्रति एकड़ ज्यादा धान खरीदना राजनीतिक मजबूरी है, जिस राजनीतिक दल की सरकार होगी उसे ऐसा करना पड़ेगा। जो ऐसा नहीं करेगा तो अगला चुनाव वह जीत नहीं सकता।

रमन सरकार के समय से ज्यादा किसानों का ज्यादा धान ज्यादा कीमत पर खरीदा जा रहा है। रमन सिंह सरकार से धान का ज्यादा पैसा देने, ज्यादा धान खरीदने का वादा चुनाव में करने पर कांग्रेस सरकार बनी।भूपेश सरकार ने पांच साल ज्यादा पैसा देकर ज्यादा किसानों का ज्यादा धान खरीदा। रमन सिंह के समय धान का पैसा २१०० रुपए मिल रहा था तो भूपेश बघेल ने चुनाव में किसानों से वादा किया वह किसानों को धान का २५०० रुपए देंगे।फिर चुनाव का समय आया तो भूपेश सरकार को फिर धान की कीमत भी ज्यादा देने का वादा करना पड़ा और ज्यादा धान खरीदने का वादा भी करना पड़ा। इस बार भाजपा ने कांग्रेस से २८०० रुपए प्रति क्विंटल के जवाब में ३१०० रुपए प्रति क्विंटल, प्रति एकड़ २१ क्विंटल धान खरीदने का वादा किया और इसी आधार पर चुनाव जीत लिया। दो राजनीतिक दलों के बीच ज्यादा पैसे में ज्यादा धान और ज्यादा किसानों से धान खरीदने की होड़ के कारण किसानों को तो हर साल ज्यादा पैसा मिल रहा है, किसानों का ज्यादा धान खरीदा जा रहा है।हर साल ज्यादा किसानों से धान खरीदा जा रहा है इस होड़ में सत्तारूढ़ दल की सरकार चाहे भी तो अब वह न तो किसानों की संख्या कम कर सकती है, न ही प्रति क्विंटल कम पैसा दे सकती है, न ही प्रति एकड़ कम धान खरीद सकती है, वह जितने किसानों से धान खरीदी रही है, जितने पैसे में खरीद रही है और जितना धान खरीद रही है उतना ही वह अगले साल खरीदेगी तो उसकी आलोचना विपक्ष शुरू कर देगा कि यह सरकार किसान हितैषी नहीं है क्योंकि यह तो न ज्यादा धान खरीद रहा है, न ही ज्यादा किसानों से खरीद रहा है और न ही धान का ज्यादा पैसा दे रहा है।

### जरूरत से ज्यादा धान खरीदने का मतलब है ज्यादा नुकसान

सरकार अगर पांच साल ऐसा करती है तो उसका अगला चुनाव जीतना संभव नहीं है। इसलिए सरकार भाजपा की हो या कांग्रेस की हो,उसको तो हर साल ज्यादा धान खरीदना है, प्रति एकड़ ज्यादा खरीदना है और ज्यादा पैसा भी किसानों को देना ही है। अभी सत्ता में भाजपा की सरकार है, उसने उसने २५ लाख किसानों से १४९ लाख मीट्रिक टन धान खरीदा है, उसका लक्ष्य तो १६०लाख मी.टन खरीदना था। यानी लक्ष्य से कम किसानों से कम धान खरीदा है सरकार ने फिर भी उसके पास अतिशेष धान ४० लाख मी.टन बच रहा है।अतिशेष धान का मतलब है कि सरकार जितना धान खपा सकती है, उससे ज्यादा धान सरकार ने खरीदा है तो उसे महंगे दाम में खरीदा गया धान कहीं खपत नहीं होने के कारण अब नीलाम करना होगा यानी महंगे में खरीदा गया धान सस्ते में बेचना होगा।आंकड़ों के मुताबिक सरकार ने धान किसानों से ३१०० रुपए प्रति क्विंटल खरीदा है ।५०० रुपए संग्रहण व्यय व ब्याज आदि मिलाकर धान की लागत हो जाती है प्रति क्विंटल ३६०० रुपए।सरकार को एक क्विंटल धान ३६०० रुपए का पड़ता है।माना जा रहा है कि अतिशेष ४० लाख मी.टन धान की नीलामी सरकार करती है तो उसे ८ हजार करोड़ का नुकसान होगा। कांग्रेस का कहना है कि यह बड़ी रकम है,यह राज्य के बजट का पांच प्रतिशत होता है।ऐसा किया गया तो राज्य को बड़ा नुकसान होगा।ऐसा नहीं करना चाहिए और केंद्र सरकार से राज्य सरकार को अनुरोध करना चाहिए कि वह राज्य का अतिशेष धान भी खरीदे क्योंकि केंद्र व राज्य में एक ही पार्टी की सरकार है, इसलिए ऐसा होना संभव है। कांग्रेस ने यह तर्क भी दिया है कि केंद्र की मोदी सरकार पंजाब से १७९ मी.लाख टन धान से होने वाला पूरा चावल ले रही है तो वह छत्तीसगढ़ में जितना धान खरीदा गया है, उसका पूरा चावल क्यों नहीं ले रही है। कांग्रेस का मकसद धान खपत के मामले को उठाकर दोनों सरकार को फेल बताना है। वह यह तो बता रही है कि पंजाब से केंद्र सरकार ज्यादा धान होने के बाद भी पूरा चावल ले रही है लेकिन यह नहीं बता रही है कि छत्तीसगढ़ से केंद्र सरकार ज्यादा चावल क्यों नहीं ले रही है। इसकी वजह यह हो सकती है कि पंजाब का चावल छत्तीसगढ़ के चावल से बेहतर किस्म का हो। यह भी सच है कि केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ सरकार से पिछली बार जितना चावल ली थी,उतना चावल भी नहीं ले रही है तो इसकी वजह यह है कि सरकार समय पर चावल ही नहीं दे पाती है। आंकड़ों के मुताबिक वर्ष २२-२३ में १०७ लाख मी.टन धान का उठाव किया गया था,इसमें ५८.११ लाख मी.चावल सेंट्रल पूल में जमा हुआ था।वर्ष २३-२४ में १४४.१६लाख मी.टन धान उठाया गया जिसमें से केंद्र सरकार ने ८२.४२ लाख मी.टन चावल जमा करने की अ?मति दी।इसमें से ७७.०६लाख मी.टन चावल सेंट्रल पूल में जमा किया जा चुका है। जबकि ५.२९ लाख मी.टन चावल अभी और जमा किया जाना है।

विश्व समाजकार्य दिवस विशेष 18 मार्च 2025

# आधुनिक परिवेश में समाजकार्य दिखावा बनकर ना रह जाए

**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**



दुनियाभर के महान समाज सुधारकों का नाम मन में आते ही, हम उनके प्रति सम्मान और श्रद्धा से भर जाते हैं, क्योंकि उन्होंने लोककल्याण हेतु अपार पीड़ा व कष्ट सहकर और कठिन परिस्थितियों से जूझते हुए संघर्षपूर्ण जीवन जिया है, उन्होंने खुद की परवाह न करके लोगों के अधिकार, मानवता, समानता, एकता, समाज उत्थान के लिए वे जीवन के अंत तक प्रयासरत रहे, लोगों की समस्या और उनके दर्द को उन्होंने महसूस किया, उस दर्द को जिया हैं। ऊंच-नीच, जाति-भेद, लिंग-भेद, वर्णव्यवस्था, अन्याय, सामाजिक कुप्रथा जैसे अनेक बुराइयों को खत्म करने का बीड़ा उठाया। आज प्रत्येक व्यक्ति को हर प्रकार के जो अधिकार मिले है, यह उन समाजसुधारकों के मेहनत का फल हैं। जानवरों से भी बदतर हालात से गुजरने के बाद मानव ने यह स्थिति पायी हैं। अनादिकाल से भारत देश में सती प्रथा, देवदासी प्रथा, डायन शिकार की प्रथा, बाल विवाह व बहुपत्नी विवाह प्रथा, महिला जननांग विकृति प्रथा, छुआछूत, स्त्री भ्रूण हत्या जैसे भयावह प्रथाएं मौजूद सामान्य सामाजिक बुराइयां थीं। दहेज लड़कियों के माता-पिता के लिए चिंता का एक और प्रमुख कारण था, जिससे कन्या शिशु की हत्या का कारण भी बढ़ गया। स्त्री को शिक्षा से वंचित रखा जाता था, पितृसत्तात्मक व्यवस्था का वर्चस्व था। निम्न जाति वर्ग और महिलाओं को पशुओं से भी तुच्छ माना जाता था। सदियों से चलते आ रहे ऐसे कुप्रथाओं के जुल्मों सितम को महान समाज सुधारकों ने रोका। महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले ने देश में स्त्री शिक्षा की लौ प्रज्वलित की। भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने कर्मचारियों और महिलाओं को अधिकार, वंचितों को समानता का स्थान दिलवाया। पंडिता रमाबाई ने बाल विवाह रोकने और महिलाओं व विधवाओं के शिक्षा को मजबूत बनाया। राजा राममोहन राय, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, भूदान प्रणेता विनोबा भावे, पेरियार ई. वी. रामासामी, कबीर, रविदास, ताराबाई शिंदे, रमाबाई रानाडे, फातिमा शेख, स्वर्णकुमारी देवी, सिस्टर निवेदिता, कादम्बिनी गांगुली, धोंडो केशव कर्वे, मदर टेरेसा, बाबा आमटे, सिंधुताई सपकाळ से लेकर वर्तमान के मेधा पाटकर, सुपर 30 के आनंद कुमार, कैलाश सत्यार्थी, इरोम शर्मिला, सोनम वांगचुक जैसे अनेक का नाम समाजकार्य के लिए प्रसिद्ध हैं। राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज, संत गाडगे बाबा जैसे अनेक संतों ने भी देश के सामाजिक विकास में अमूल्य योगदान दिया हैं। आज भी देश में कुछ गुमनाम समाजकार्यकर्ता अपने काम से मानवता और समाज को विकसित करने के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर चुके हैं। अपने लिए तो हर कोई जीता है, लेकिन जो खुद से पहले औरों का विचार करें, निस्वार्थ भाव से लोगों के लिए जियें और खुद के प्रसिद्धि के लिए कभी ढिंढोरा नहीं पिटे, वही सच्चे सामाजिक कार्यकर्ता कहलाते हैं।

हर साल मार्च माह के तीसरे मंगलवार को ₹विश्व समाजकार्य दिवस₹ दुनियाभर में मनाया जाता हैं। इस साल विश्व सामाजिक कार्य दिवस 2025 की थीम है ₹स्थायी कल्याण के लिए अंतर-पीढ़ीगत एकजुटता को मजबूत करना₹। यह थीम पीढ़ियों के बीच एक-दूसरे की देखभाल करने और सम्मान करने के महत्व पर प्रकाश डालती है। समाजकार्य जीवन में सद्भाव, समानता और मानव विकास कल्याण पर केंद्रित हैं। मनुष्य होने के नाते, समाज के प्रत्येक व्यक्ति में परोपकार की भावना होनी चाहिए। महान लोग अक्सर कहते थे कि निस्वार्थ भाव से समाजकार्य या लोगों की मदद करो, तो किसी को पता न चले, इस तरह करें, ताकि सेवा लेनेवाले को भी शर्मिंदगी या हिचक न महसूस हो और हम में भी अहंकार का निर्माण न हों। अच्छा कर्म करके भूल जाओ, हर धर्म और महापुरुषों ने भी यही सिख दी है, यहीं हमारे संस्कार भी होने चाहिए। अगर हम सक्षम है, चाहे तन, मन, धन या ज्ञान से हो, तो अवश्य हमें असहायों की अपनी क्षमता अनुरूप बिना किसी अपेक्षा के मदद करनी चाहिए। अच्छे कामों को हमेशा सराहना मिलनी चाहिए, ताकि अन्यों को भी प्रेरणा मिलें, लेकिन दिखावा बिल्कुल नहीं होना चाहिए। अतिसामान्य वयोवृद्ध गरीब ग्रामीण मजदूर माउंटेनमैन दशरथ मांझी ने अकेले 22 साल के अथक संघर्ष से पहाड़ काटकर लोगों के लिए मार्ग बनाया और इतिहास रच दिया। आर्थिक कमी से जूझते हुए उनका परिवार तंगहाली में जिया, लेकिन कभी किसी से अपेक्षा नहीं की।

आज भी देश-दुनिया में अनेक ऐसे समाजसेवी है जो अतिसामान्य जीवन जीते है लेकिन उनके काम असमान्य होते है, भले ही बहुत से समाजसेवी आधुनिकता की चकाचौंध और प्रसिद्धि से दूर है लेकिन कभी-कभार इनके बारे में देखने-सुनने मिलता है तो बड़ा फक्र और सुकून महसूस होता हैं। आज के समय में ईमानदारी से मेहनत का पैसा कमाकर असहायों का मददगार बड़ी मुश्किल से दिखाई पड़ता हैं। हमारे देश में चुनाव के वक्त नेताओं द्वारा लाखों-करोड़ों रुपया पानी की तरह बहा दिया जाता हैं, ताकि चुनाव जीतकर गरीब जनता की निस्वार्थ भाव से सेवा कर सकें, लोककल्याण के लिए अपना सर्वस्व त्यागने की बात करते है, नेताओं को दल बदलना है, तो भी लोककल्याण के लिए कर रहे, सत्ता का कोई लालच नहीं है ऐसा ही स्पष्टीकरण देते है, उनमें अच्छे कार्य का श्रेय लेने के लिए होड़ लगी रहती हैं। आज के आधुनिक परिवेश में देखा जाए तो हर क्षेत्र, हर ओर समाजसेवियों की बाढ़ सी आ गयी है। कोई भी व्यक्ति, कभी भी अपने नाम के साथ सामाजिक कार्यकर्ता शब्द जोड़ देता है और विविध कार्यक्रमों के दौरान गली-चौराहों में सामाजिक कार्यकर्ता के नाम से खूब बैनर-बोर्ड भी लगवा देते हैं। समाचारपत्रों में भी अक्सर लोग सामाजिक कार्यकर्ता के तौर पर संदेश छपवाते है, अभी तो सामाजिक कार्यकताओं के रूप में नाबालिगों के भी चौराहों पर बैनर-बोर्ड और सोशल मीडिया पर फोटो नजर आते है। लोककल्याण के लिए निस्वार्थ कार्य करनेवाले सामाजिक कार्यकर्ता की जगह फोटो खींचनेवाले कार्यकर्ता ही कार्यकर्ता दिखाई दे रहे हैं।

समाज में रसूखदार और धनवानों का बहुत बड़ा वह वर्ग भी है, जो चैरिटी नहीं बल्कि दिखावे वाले इवेंट्स के नाम पर पैसा खर्च करना पसंद करते हैं, ताकि उसका नाम प्रसिद्ध हो जाये। समाजसेवा के नाम पर सस्ती प्रसिद्धि पाने का विचार लोगों में खूब नजर आता हैं। जरूरतमंद को थोडासा खाद्य, अनाज की किट, सामान या अन्य कोई भी मदद देकर फोटो निकालते या रील बनाकर, फिर उसे सोशल मीडिया पर खूब बढ़ा-चढ़ाकर पेश करते हैं। वैसे तो अधिकतम संस्थान, एनजीओ धनोपार्जन के केंद्र बने हुए है, फिर भी कुछ संस्थान आर्थिक तंगी से जूझते हुए भी सही अर्थों में समाजसेवा कार्य में लगे हुए हैं। अनाथ बच्चे, बेसहारा वृद्ध, कुंवारी माता, दिव्यांग, मानसिक रोगी, एचआईवी पीड़ित बालक, नशेड़ी, गंभीर रोगों से ग्रस्त मरीज जैसे अनेक जरूरतमंद का सहारा बनकर संस्थान उन्हें बेहतर जीवन जीने का मौका देती हैं। ये समाज जिन्हे अपनाने से मना करता है, अपने ही मरने के लिए छोड़ देते है, उन्हें ऐसे संस्थान निस्वार्थ भाव से अपनाते है, इसे ही समाजकार्य कहते हैं। समय के साथ देश में सामाजिक समस्या लगातार चरम पर पहुंच रही हैं। आज भी देश के बहुत से पिछड़े ग्रामीण क्षेत्र अपने आधारभूत सुविधाओं से वंचित है, हर क्षेत्र में अपराध बढ़ रहा है। संस्कारहीन दुर्व्यवहार, धोखाधड़ी, मिलावटखोरी, भ्रष्टाचार, नशाखोरी, भाई-भतीजावाद, आर्थिक असमानता, स्वार्थवृत्ती, लालच, ईर्ष्याभाव हर ओर नजर आता हैं। समाजसेवा के तौर पर श्रमदान के लिए बुलाओं तो लोग दूर भागते है, लेकिन प्रसिद्धि और फायदे के लिए टूट पड़ते हैं। शहर में वृद्धाश्रम की संख्या लगातार बढ़ रही है, घरेलू कलह और रिश्तों में खटास बढ़ रही हैं।

सामाजिक कार्यकर्ता या समाजसेवी जीवन के बहुत बड़े त्याग का नाम हैं। पर्यावरण, पशु-पक्षी, वन्यजीवों, लोगों के लिए मन से अच्छा काम करें तो आप अपनेआप ही सच्चे सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में ढल जायेंगे। आदर्शात्मक समाजसेवियों की मजबूत नींव की आज जरूरत है ताकि आनेवाली पीढ़ी वह आदर्श लेकर पथ प्रदर्शक की भूमिका बखूबी निभा सकें। अगर सभी सामाजिक कार्यकर्ता, समाजसेवी या हम लोग भी समाज की समस्याओं की गंभीरता को जानकर अपनी क्षमता अनुरूप जागरूकता और निस्वार्थ सेवा करने लगे तो देश से हर तरह की समस्या का नाश हो सकता हैं।

## राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। गृहस्थ जीवन में चल रही समस्याएं काफी हद तक दूर होगी। जीवनसाथी का आपको पूरा सपोर्ट मिलेगा। आपके भाई-बहन भी आपकी तरक्की देखकर आपसे खुश रहेंगे। किसी नई प्रॉपर्टी में आप इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छा रहेगा, लेकिन आपकी सेहत कुछ गड़बड़ रहेगी, इसीलिए आपको काम के साथ-साथ सेहत पर भी पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। ससुराल पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आप अच्छी सोच का कार्यक्षेत्र में आप लाभ उठाएंगे। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के जन समर्थन में इजाफा होगा। आपको किसी बड़े पद के मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपके सहयोगी भी आपके कामों में पूरा साथ देंगे। आपको अपने बॉस की बातों को कार्यक्षेत्र में नजरअंदाज नहीं करना है। पिताजी की सेहत पर आपको पूरा ध्यान देना होगा। आप अपने परिजनों के साथ कुछ मौज मस्ती भरे फल व्यतीत करेंगे।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप कामों को लेकर अधिक व्यस्त रहेंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोगों की कुछ समस्याएं बढ़ सकती हैं। आपको अपने साथी की भावनाओं का सम्मान करना होगा। कार्यक्षेत्र में आप अपने अनुभवों का लाभ उठाएंगे। आपको यदि कोई बड़ी जिम्मेदारी दी जाएगी, तो आप उसे भी आसानी से निभाएंगे। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

कर्क- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको उन्नति की राह पर आगे बढ़ने का मौका मिलेगा और नौकरी में आपको अच्छी तरक्की देखने को मिल सकती है। आप किसी बेवजह की बात को लेकर परेशान रहेंगे, जो आपकी व्यर्थ की चिताओं को बढ़ाएगा। आपको अपनी सेहत पर भी पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। यदि आप किसी यात्रा पर जाएं, तो उसमें भी आपको वाहन थोड़ा सावधान में कर चलाना होगा। किसी से यदि आपने धन उधार लिया था, तो वह आपको वापस करना पड़ सकता है।

सिंह- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपकी पद व प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आपको अपनी संतान की सेहत पर पूरा ध्यान देना होगा। वैवाहिक जीवन में खुशियां रहेंगी। आप किसी नए काम की शुरूआत करने के लिए भी सोच विचारकर सकते हैं। किसी काम को लेकर यदि आप यात्रा पर जा रहे थे, तो वह आपके लिए लाभदायक रहेगी। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है।

कन्या- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको किसी काम को लेकर जल्दबाजी नहीं दिखानी है। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को कामों को लेकर मेहनत अधिक करनी होगी। आपकी छवि निखरेगी और परिवार में किसी सदस्य की ओर से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है। आप अपनी सोच समझ से कामों को आसानी से पूरा कर पाएंगे। परिवार में किसी सदस्य की सेहत में गिरावट आने से आप परेशान रहेंगे।

तुला- आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ कुछ समय मिल बैठकर पारिवारिक समस्याओं का आसानी से दूर कर पाएंगे। आपके दोस्तों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आपके खर्चो बढ़ने से आपकी समस्याएं बढ़ेंगी। यदि आपको कोई शुभ सूचना सुनने को मिले, तो आप उसे आगे ना बढ़ाएं। विद्यार्थियों का मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा। आपको अपने पिताजी से मन की बात को कहने का मौका मिलेगा।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती भरा रहने वाला है। शेयर मार्केट में यदि आपने पहले धन का इन्वेस्टमेंट किया था, तो उससे आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आपके कुछ खर्चों को भी आसानी से कर सकते हैं। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों के प्रयास सफल रहेंगे। विद्यार्थी किसी परीक्षा को देने के लिए कहीं बाहर जा सकते हैं। आपको कानूनी कामों को किसी दूसरे के भरोसे नहीं छोड़ना है। धार्मिक कार्य में आपकी खूब रुचि रहेगी। आपकी कोई डील फाइनल हो सकती है।

धनु- आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। आपको कार्यक्षेत्र में कुछ नई जिम्मेदारी मिलने से आप थोड़ा परेशान रहेंगे, लेकिन आपको उनसे घबराने की आवश्यकता नहीं है। आपको अपने कामों को लेकर पूरा फोकस करना होगा। धर्म-कर्म के कार्य में आपकी पूरी रुचि रहेगी। आर्थिक मामलों को आप मिल बैठकर दूर करने की कोशिश करें। किसी नए काम की शुरूआत करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।

मकर- आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आप अपनी आय को बढ़ाने के स्त्रोतों पर पूरा ध्यान देंगे, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति भी बेहतर रहेगी। आप अपने घर किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन कर सकते हैं। आपको अपनी संतान से किए हुए वादे को पूरा करना होगा। परिवार के सदस्यों की जरुरतों पर पूरा ध्यान देंगे। रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती आएगी। कोई समस्या यदि आपको लंबे समय से घेरे हुए थी, तब वह भी दूर होती दिख रही है। कार्यक्षेत्र में आपको अपने कामों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है, नहीं तो आपके अधिकारी आपसे नाराज हो सकते हैं।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपका कोई कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामला सुलझ सकता है। आपको अपनी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। पारिवारिक समस्याओं को आप मिल बैठकर दूर करें, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है। धार्मिक कार्य में आपकी खूब रुचि रहेगी। नौकरी को लेकर यदि आपको कोई समस्या चल रही है, तो आप किसी दूसरी जगह अप्लाई कर सकते हैं। आपका बिजनेस पहले से ग्रो करेगा, जो आपको खुशी देगा। किसी के सलाह आप सोच समझकर मानें, तो ही बेहतर रहने वाला है।

मीन- आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आज आपकी सेहत में कुछ गड़बड़ हो सकती है। आपका मन आनंदमय रहेगा, क्योंकि आपको यदि कोई धन संबंधित समस्या थी, तो वह दूर होती दिख रही है। आपको यदि किसी बात को लेकर कोई टेंशन चल रही थी, तो उससे भी आपको काफी हद तक छुटकारा मिलेगा। जीवनसाथी को आप कहीं पिकनिक आदि पर लेकर जा सकते हैं, जिसमें आपको अपने खर्चों पर थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है।

व्यंग्य

## बाबूजी की बकरी

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**



बाबूजी की बकरी मशहूर थी। उतनी मशहूर जितना आजकल नेता का झूठ, बाबा का चमत्कार और सोशल मीडिया का ज्ञान। जिस गली से गुजरती, लोग उसे हाथ जोड़कर देखते, जैसे किसी मंत्री की सवारी निकल रही हो। बकरी थी भी ऐसी! दूध क्या देती, मानो सरकारी बजट से लोन बाँट रही हो—जिसे पिए, वह स्वस्थ, सुंदर और समृद्ध हो जाए। पड़ोसी शर्मा जी तो कहते, ₹बकरी नहीं, चलती-फिरती अमृतधारा है!₹ अब शर्मा जी को कौन समझाए कि अमृतधारा का असली ठेका सरकारी ठेकों और दवाई कंपनियों के पास होता है। बाबूजी का उस बकरी से रिश्ता कुछ वैसा ही था, जैसा सरकारी अफसर का फाइलों से—काम निकल जाए, फिर फेंक दो किसी कोने में। मगर बकरी थी कि अपनी वफादारी में लाजवाब। वह उनके आगे-पीछे ऐसे चलती, जैसे चमचों की फौज मंत्रीजी के पीछे चलती है। जब देखो तब रंभा रही थी, जैसे बेरोजगार लड़का रिजेक्ट होने के बाद कराहता है। पड़ोसी कहते, ₹बाबूजी, इसे बेच क्यों नहीं देते?₹ बाबूजी की आँखों में आँसू आ जाते, जैसे सरकार की घोषणाओं में आम जनता के लिए राहत आती है—सिर्फ. कागजों में। एक दिन बकरी लापता हो गई। अफवाहें ऐसी उड़ने लगीं, जैसे चुनाव से पहले वादे उड़ते हैं। कोई बोला, ₹मटन वाले ने उठा ली!₹ तो कोई चिल्लाया, ₹नगर निगम वाले ले गए!₹ बाबूजी ने ऐसा मातम मनाया, जैसा देश में अच्छे दिनों के इंतजार में जनता मनाती है। पूरे मोहल्ले में हड़कंप मच गया, ठीक वैसे जैसे कोई नेता जेल चला जाए तो उसके समर्थक सड़क पर धरना देने लगते हैं। बाबूजी का खाना-पीना छूट गया। लोग कहने लगे, ₹अब इनका जीना मुश्किल है!₹ लेकिन यह बात तो जनता कब से कह रही थी—खासकर पेट्रोल, टमाटर और बिजली के बिल देखकर।

फिर एक दिन चमत्कार हो गया! बकरी वापस आ गई—ठीक वैसे ही जैसे भ्रष्टाचारी नेता जेल से रिहा होकर आते हैं—पहले से ज्यादा तगड़ी और चमकदार। पूरे मोहल्ले में जश्न मच गया, जैसे किसी घोटाले का आरोपी बाइज्जत बरी हो गया हो। लेकिन बकरी का व्यवहार बदल गया था। पहले वह सिर्फ.घर के अंदर रहती थी, अब वह सीधा शर्मा जी के घर चली जाती, जैसे कोई मंत्री जीतने के बाद अपने फंडिंग वाले उद्योगपतियों के घर जाता है। शर्मा जी भी बड़ा प्रेम दिखाने लगे, ठीक वैसे जैसे सरकार चुनाव से पहले गरीबों पर प्रेम लुटाती है। कुछ ही दिनों में मोहल्ले में नई अफवाह उड़ी—बकरी अब दूध नहीं दे रही! बाबूजी का हाल वही हुआ, जो हर आम आदमी का होता है जब उसे पता चलता है कि सरकार की मुफ्त योजनाएँ केवल कागजों तक ही सीमित हैं। शर्मा जी हँसते हुए बोले, ₹बाबूजी, अब इसे दान कर दो। वैसे भी बूढ़े और बेकार चीजों का समाज में कोई सम्मान नहीं होता!₹ बाबूजी की आँखों में आँसू आ गए। मगर बकरी बेफिक्र थी। वह वैसे ही टहल रही थी, जैसे घोटालेबाज अपनी फाइलें दबाकर विदेश भागते हैं।




आखिरकार, मोहल्ले की पंचायत बैठी। तय हुआ कि बकरी को बेच दिया जाए। बाबूजी रोए, बिलकुल वैसे जैसे किसी गरीब का बेटा सरकारी नौकरी में रिश्वत देने लायक पैसे न होने पर रोता है। लेकिन बकरी को कोई खरीदने को तैयार नहीं था। सबको शक था कि यह अब सिर्फ. खाएगी, कुछ देगी नहीं—मतलब, राजनीति में शामिल होने के लिए पूरी तरह योग्य हो चुकी थी। आखिरकार, एक साधु बाबा आए और बोले, ₹यह कोई साधारण बकरी नहीं, पूर्व जन्म में यह एक नेता थी। यह अब किसी के काम की नहीं!₹ इतना सुनते ही भीड़ तितर-बितर हो गई, जैसे बजट भाषण सुनकर आम जनता टीवी बंद कर देती है। बकरी ने बाबूजी को अंतिम बार देखा, और फिर जंगल की ओर चल पड़ी। उसके पीछे-पीछे कुछ छुटभैया नेता भी हो लिए—शायद प्रेरणा लेने के लिए। बाबूजी देर तक उस गली में खड़े रहे, जहाँ से बकरी गई थी। उनकी आँखों में आँसू थे, मगर चेहरे पर अजीब-सा संतोष था—वैसा ही संतोष, जैसा आम आदमी को तब होता है, जब वह चुनाव में नोटा दबा आता है।

विश्लेषण

# प्रेम व सद्भाव का प्रतीक बना होली का त्यौहार

**तनवीर जाफरी**



भारत की सांझी गंगा यमुनी तहजीब का दर्शन कराने वाला होली का त्यौहार न केवल शांन्ति से गुजर गया बल्कि इस बार की होली प्रेम व सद्भाव की ऐसी मिसाल पेश कर गयी जिसने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि यह देश सांझी संस्कृति व सांझे त्योहारों का देश है। यह देश अनेकता में एकता की मिसाल पेश करने वाला देश है। यह देश हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई आदि सभी धर्मों व समुदायों में परस्पर एकता की मिसाल पेश करने वाला देश है। दरअसल इस बार का होली का त्यौहार देश के अमन पसंद लोगों के लिये कई कारणों से चिंता का सबब बना हुआ था। सबसे पहली बात तो यह थी कि केंद्र से लेकर देश के कई महत्वपूर्ण व बड़े राज्यों में उस भारतीय जनता पार्टी की सरकारें हैं जिनके अनेक नेता समाज में बेरोकटोक जहर घोलते आ रहे हैं। कई नेता ऐसे भी हैं जिन्हें नफरत फैलाने के लिये 'पुरस्कार ' स्वरूप मुख्य मंत्री,मंत्री व उपमुख्य मंत्री जैसे पद नवाजे गये हैं। इससे प्रेरित होकर कई आधारहीन नेता भी अपने 'सफल व उज्जवल ' राजनैतिक भविष्य की खातिर साम्प्रदायिकता का खुला कार्ड खेल रहे हैं। और कोई भी जहरीला व विवादित बयान देकर रातों रात सुर्खियों में छा जाते हैं। दूसरी बात यह कि होली से ठीक पहले जिस तरह औरंगजेब व संभल की जुमा मस्जिद विवादित विषयों व उत्तर प्रदेश के एक पुलिस अधिकारी के आपत्तिजनक बयान को लेकर देश के आग लगाऊ दलाल मीडिया ने देश के वातावरण में नफरत का जहर घोलने की कोशिश की और साथ ही उत्तर प्रदेश के उस पुलिस अधिकारी के विवादित बयान को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का समर्थन भी मिला उन सब के मद्देनजर शांतिप्रिय देशवासियों का चिंतित होना स्वाभाविक था। उधर गत 15 मार्च यानी होली के दिन ही मुसलमानों के पवित्र त्यौहार रमजान महीने में पड़ने वाले शुक्रवार यानी जुमा का दिन भी था। जुमे की नमाज को मुसलमानों में खास अहमियत दी जाती है खासकर रमजान माह के जुमे की तो और अधिक अहमियत होती है। यह दोनों यानी होली और जुमा ( शुक्रवार ) एक साथ पड़ने से लोगों के दिलों में और भी डर बैठा था कि सत्ता से जुड़े नफरती चिंटुओं की बदजुबानी उनकी गंदी व जहरीली मंशा, नफरती मीडिया की जुगलबंदी के साथ कहीं देश के खुशनुमा माहौल को साम्प्रदायिकता की भेंट न चढ़ा दे। लोगों में डर था की होली जैसे अबीर व गुलाल उड़ाने के रंग बिरंगे त्यौहार में कहीं रंग की जगह भंग न घुल जाये। और पूरा देश टकटकी लगाये सुबह से शाम तक होली और जुमे के संयुक्त आयोजन पर नजरें जमाये बैठा रहा। और होली व जुमा जैसे आयोजनों के शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होने की दुआयें मांग रहा था।

बावजूद इसके कि शाहजहांपुर,संभल,बरेली,अलीगढ़ व अमरावती जैसी कुछ जगहों से उपद्रवी लोगों द्वारा उकसावे की कुछ कार्रवाई जरूर की गयी। मस्जिदों के सामने आपत्ति जनक गाने बजाये गये। परन्तु रोजदारों ने सहनशीलता का परिचय दिया और शहर दंगों की आग में झुलसने से बच गया। परन्तु देशभर में कुल मिलाकर आखिरकार देश की सांझी तहजीब का परचम लहराया। और जिस होली और जुमे को देश के कई संवेदनशील हिस्सों में हिंसा व दंगे फसाद की संभावना जताई जा रही थी उसी होली ने इस बार प्रेम सद्भाव व भाईचारे की ऐसी मिसाल पेश की जो शायद पहले कभी नहीं देखी गयी। होली व जुमे के बाद दोपहर से ही सोशल मीडिया पर भाईचारे की मिसाल पेश करने वाले जो दृश्य सामने आने शुरू हुये उन दृश्यों ने एक बार फिर यह प्रमाणित कर दिया की नफरत के सौदागरों की लाख कोशिशों के बावजूद देश के आम लोग सिर्फ अमन शांति सद्भाव व भाईचारा चाहते हैं। बिहार व उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न प्रदेशों के कई शहरों से लेकर गत वर्षों दंगों की शिकार हो चुकी दिल्ली के विभिन्न इलाकों के जो दृश्य सामने आये वह हमारी सांझी तहजीब व सांप्रदायिक सद्भाव के जीवंत दस्तावेज थे। प्रयागराज/इलाहाबाद जहाँ पिछले दिनों कुंभ आयोजन के दौरान मची भगदड़ के बाद स्थानीय मुसलमानों ने अपनी मस्जिदें,मुस्लिम शिक्षण संस्थान,दरगाहों ,इमामबाड़ों व अपने घरों के दरवाजे परेशानहाल परदेसी कुंभ श्रद्धालुओं के लिये खोल दिए थे। उसी शहर के होली मनाने वाले हिन्दू भाई नमाज के दौरान अपना डी जे व व हर्षोल्लास को न केवल विराम देते नजर आये बल्कि मुस्लिम नमाजियों के साथ उनका सुरक्षा कवच बनकर खड़े रहे। जबकि अन्य कई शहरों से मुसलमानों द्वारा होली खेलने वालों रंग बरसाने की खबरें आईं। अनेक जगहों पर नमाजियों पर हिन्दू भाइयों द्वारा फूलों की वर्षा कर उन्हें होली से जोड़ने व जुमे की बधाई देने का प्रदर्शन किया गया। और कई जगहों से तो हिन्दू मुसलमानों के एक साथ होली के रंग में सराबोर होने के भी समाचार प्राप्त हुये। इस तरह के चित्र व विडिओ पहले भी आते रहे हैं परन्तु इसबार तो कुछ ज्यादा ही भाई चारा नजर आया। इसकी वजह यही थी कि आम लोग नफरती सत्ताधीशों के एजेंडे को कतई स्वीकार नहीं करते। इसमें भी कोई शक नहीं कि देश की जनता के इस अमनपसंद रुख को भांप चुकी पुलिस व स्थानीय प्रशासन ने भी शांति व्यवस्था बनाये रखने में अपनी निष्पक्ष व सद्भाव पूर्ण भूमिका निभाई।



दरअसल यह वह देश है जहां अनेक हिन्दू रमजान में रोजे व मुहर्रम में ताजिया रखते व मातमदारी करते दिखाई देते हैं,जबकि तमाम मुसलमान गणेशोत्सव मनाते व होली खेलते दिखाई देते हैं। आज देश में अनेक दरगाहें,पीरों फकीरों की मजारें व इमामबाड़े पूरी आस्था के साथ हिन्दुओं की देखरेख में चलाये जा रहे हैं। इसी देश की सांझी तहजीब की झलक नजीर अकबराबादी की उस शायरी में नजर आती है जिसमें वह लिखते हैं -गुलजार खिले हों परियों के और मजलिस की तैयारी हो। कपड़ों पर रंग के छींटों से खुश-रंग अजब गुल-कारी हो।। मुंह लाल,गुलाबी आँखें हों,और हाथों में पिचकारी हो। उस रंग-भरी पिचकारी को अंगिया पर तक कर मारी हो।। सीनों से रंग ढलकते हों तब देख बहारें होली की।। और नजीर अकबराबादी ही यह भी लिखते हैं कि - 'मियां तू हमसे न रख कुछ गुबार होली में। कि रूठे मिलते हैं आपस में यार होली में। मची है रंग की कैसी बहार होली में। हुआ है जोर-ए-चमन आश्कार होली में। अजब यह हिन्द की देखी बहार होली में॥ इसी तरह हजरत निजामुद्दीन औलिया के मुरीद और शायर अमीर खुसरो ने सूफियाना परंपरा से बसंत और होली मनाने की शुरूआत की। खुसरो का यह कलाम आज भी होली के दिन निजामुद्दीन औलिया की मजार पर पढ़ा जाता है। आज रंग है, ऐ मा रंग है री, मोरे महबूब के घर रंग है री। मोहे पीर पायो निजामुद्दीन औलिया, जब देखो मोरे संग है री।। इसतरह के दस्तावेज इस बात के प्रमाण हैं कि भारतीय त्यौहार दरअसल धार्मिक कम सामाजिक व भारतीय त्यौहार अधिक हैं। यही वजह है कि इस बार का होली का त्यौहार देश व दुनिया के लिये प्रेम व सद्भाव का प्रतीक बन गया। आशा की जानी चाहिये कि ऐसी ही शांति व सद्भाव हमारे देश में हमेशा बना रहेगा और जहरीले बोल बोलने वाले राजनेताओं के मंसूबों पर हमेशा पानी फिरता रहेगा।

एक नजर

## महिला समृद्धि बाजार क्षेत्र में आवागमन बाधित करने वाले दुकानदारों को हटाएं : महापौर

**दुर्ग, 17 मार्च।** नगर पालिक निगम के तहत शहर की सफाई वयवस्था पर लगातार निगम अमला कार्य कर रहा है। महापौर श्रीमती अलका बाघमार द्वारा आयुक्त सुमित अग्रवाल के साथ महिला समृद्धि क्षेत्र में सफाई कार्यो का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को तत्काल सफाई और सुधार कार्यो को प्राथमिकता देने का निर्देश दिए।उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं,ताकि जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

इसके बाद महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने आयुक्त सुमित अग्रवाल के साथ समृद्धि बाजार क्षेत्र का निरीक्षण कर सड़क किनारे तंबू लगाकर रखने वाले सभी दुकानों को नव रात्रि प्रारंभ होने के पहले हटवाए।उन्होंने कहा कि सड़क आवागमन में बाधित दुकान व पसरा सभी को हटवाकर समृद्धि बाजार पार्किंग में लगवाने के निर्देश दिये।महापौर ने वार्ड 39,44 व वार्ड 29 का निरीक्षण किया।विश्वदीप स्कूल मार्ग के पास अवैध पान व अन्य ठेले व अवैध तरीके से रखे गुमटियों को तत्काल हटवाने के निर्देश दिए।उन्होंने महिला समृद्धि बाजार के सामने हॉकी मैदान में बिना निगम के अनुमति से बना रहे बाउंड्रीवाल को हटवाने की बात कही। महापौर एवं आयुक्त स्वंय सफाई व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखें हुये है।निरीक्षण के दौरान वार्ड 44 में नवीन किराना बिक रहे प्रतिबंधित डिस्पोजल को जब्त किया गया।माता शीतला तालाब का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।नव रात्रि के पहले विसर्जन कुंड को साफ करने के निर्देश दिए।वहां उपस्थित लोगों से भी चर्चा की। उन्होंने निगम के संबधित अधिकारी को तत्काल तालाब एवं सड़क किनारे नालियों के आस पास से झाड़ियों व घास को हटाने कहा।महापौर ने इस दौरान साफ- सफाई के साथ घर-घर कचरा कलेक्शन कार्य का निरीक्षण किया। मौके पर ही सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए निगम अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।इस दौरान पार्षद सरिता विनोद चन्द्राकर,हिरौंदी चंदानिया,साजन जोसेफ,मनोज सोनी,सहायक अभियंता संजय ठाकुर,स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा,उपअभियंता करण यादव,सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर,राहुल भट्ट,दुर्गेश ध्रुव सहित अन्य सुपरवाइजर भी मौके पर मौजूद रहे।सम्बंधित अधिकारी ने महापौर को जानकारी देते हुए बताया कि बाजार क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए लगातार निगम प्रशासन प्रयासरत है महिला समृद्धि सब्जी बाजार में सड़ें गले सब्जियों के अवशेष एवं कचरे को कहीं भी अन्यत्र नही फेंकने के लिए दुकानदारों से अपील की गई है।उन्होने कहा कि निगम प्रशासन द्वारा बाजार में कचरा वाहन की व्यवस्था की गई है! जिसमें दुकानदार अपना कचरा उक्त वाहन में डाल सके। लोगों के द्वारा कचरा फेंकने पर निगम के द्वारा द्वारा जुर्माना की कार्रवाई किया जाएगा।नगर निगम की लगातार निगरानी पर सफाई व्यवस्था में सुधार हुआ है।

# होली मिलन समारोह में जमकर खेला रंग,गुलाल, फाग गीतों पर विधायक सहित भाजपा नेता भी झूमे जमकर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद,17 मार्च।** रंगों के त्यौहार होली के उपलक्ष्य में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा बीटीआई रोड स्थित विधायक कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा नेताओं सहित आसपास शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आम जन भी शामिल हुए। इस समारोह में जमकर रंग गुलाल उड़े और फाग गीत की धुन में नेतागण झूमने लगे। शनिवार शाम 4 बजे समारोह शुरू हुआ, इससे पहले ही लोगों का कार्यालय में आगमन शुरू हो गया था। कुछ ही देर में होली खेलने जनसैलाब उमड़ पड़ा। एक तरफ फाग गीतों की धुन तो दूसरी तरफ लोग एक दूसरे को रंग गुलाल लगाते रहे। आए हुए सभी लोगों ने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को रंग लगाया और पर्व की बधाई दी। विधायक श्री सिन्हा ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी और उनके साथ जमकर होली का आनंद लिया। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि यह सिर्फ रंगों का त्यौहार नहीं, बल्कि प्रेम, सद्भावना और सांस्कृतिक विरासत को संजोने का पर्व भी है। होली को बसंत महोत्सव, रंगों का त्यौहार और प्रेम व भाईचारे का प्रतीक जैसे कई नामों से जाना जाता है। यह त्यौहार धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। होली के दिन लोग एक-दूसरे पर रंग डालकर अपनी खुशियों का इजहार करते हैं। यह पर्व आपसी भेदभाव भुलाकर एकजुट रहने का संदेश देता है। यह पर्व एकता का पर्याय है लेकिन, हमें हमेशा एकता का संदेश समाज और देश में फैलाना चाहिए। देश में एकता और भाईचारा बहुत ही जरूरी चीज है।इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, डिगेश्वरी चंद्राकर, मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा, वरिष्ठ नेता माधवराव टांकसाले, रमेश साहू, संदीप दीवान, निरंजना शर्मा, मुन्ना साहू, अनिता रावटे, करुणा शुक्ला, पवन पटेल, सुनिता देवांगन, हरवंश सिंह (नानू भाई), देवीचंद राठी, शुभ्रा शर्मा, सीता डोंडेकर, माखन पटेल, पीयूष साहू, निश्चय चंद्राकर, सुनैना ठाकुर, भारती चंद्राकर, मनीष शर्मा, हुलसी चंद्राकर, मीना वर्मा, संदीप घोष, राजेंद्र चंद्राकर, चुनेश्वरी साहू, हनीश बग्गा, ऋषभ बाफना, पप्पू ठाकुर, अमित साहू, सुरेखा कंवर, लक्ष्मी साहू, मैना कोसले, डिगेश साहू, अभिषेक पांडे, जितेंद्र चंद्राकर, गुड्डा सिन्हा, सुनिता साहू, हेमकांति देवांगन, कुबेर यदु, भैरव पाल, सहित अन्य नेतागण, पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्तागण और आमजन उपस्थित थें।

## उसूर में होगा अंतर्राज्यीय रेड बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट,4 राज्यों के खिलाड़ी आएंगे



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**आवापल्ली, 17 मार्च।** अति सुदूर क्षेत्र उसूर में अंतर्राज्यीय रेड बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट कराने की तैयारियां जोरों पर है। टूर्नामेंट कराने को लेकर पिच तैयार की जा रही है। छत्तीसगढ़ के अलावा ओडिसा, तेलंगाना और महाराष्ट्र के भी टीमों को न्योता दिया गया है। 16 मार्च से उसूर स्तिथ मिनी स्टेडियम में प्रतियोगिताएं शुरू होंगी। प्रथम पुरस्कार डेढ़ लाख और द्वितीय पुरस्कार सत्तर हज़ार रखा गया है। वहीं प्रवेश शुल्क साथ हज़ार मात्र रखा गया है।

अति सुदूर इलाक़े में अंतर्राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर स्थानीय खिलाड़ी और क्षेत्रवासियों में ख़ासा उत्साह है। रेड बॉल मैच के मुताबिक पिच तैयार किया जा रहा है। जिसमे एक्सपर्ट्स से सलाह के आधार पर जरूरी बारीकियों को ध्यान में रखकर पिच पर काम हो रहा है। दूसरे राज्यों से आने वाले खिलाड़ियों के लिए उसूर में ही रुकने और भोजन की भी व्यवस्था आयोजन समिति द्वारा की जा रही है।

# नगर के सभी वर्ग के लोगों ने शामिल होकर फाग उत्सव का आनंद उठाया

**महासमुंद,17 मार्च।** स्थानीय भवानी दुर्गा मंदिर बरौंडा चौक में फागुन के रंग माता के संग ने बिखेरा प्रेम, सद्भाव और भाईचारा का संदेश। होली के इस रंग में सभी रंगे रहे। होलिका दहन की शाम आयोजित फाग महोत्सव में लोग नगाड़ो की थाप पर जमकर थिरके, थिरकने वालों में उम्र का कोई बंधन नहीं था. बीच-बीच में उड़ रहे गुलाल से सभी सराबोर होते रहे। इस कार्यक्रम में नगर के सभी वर्ग के लोगों ने शामिल होकर फाग उत्सव का आनंद उठाया। इसमें वे लोग भी दिखाई दिए जो आमतौर पर होलिका दहन की शाम घरों में कैद होकर रह जाते थे।मंदिर पहुंचने पर आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा गुलाल लगाकर अभिवादन किया गया। इसके बाद आगंतुक मां भवानी के पास पहुंचते गए और फूलों की पंखुड़ी अर्पण कर माता के संग होली खेली। बम्हनी, चिंगरौद, परसवानी से पहुंची फाग मंडली और सिर्री कला की रास मंडली ने खूब माहौल बनाया। मंदिर प्रांगण में आकर्षक लाइट सजा के साथ ही माता के गर्भगृह को चुनरी व फूलों से सजाया गया था। पुरोहित पंकज तिवारी व मंदिर पुजारी हेमंत द्विवेदी स्वयं मंदिर प्रांगण



में उपस्थित होकर आगंतुकों को गुलाल लगाकर अभिनंदन कर रहे थे। मंदिर प्रांगण में आयोजित होने इस प्रथम आयोजन का उद्देश्य फाग परंपरा को जीवंत बनाए रखने के साथ ही होली के सात्विक प्रेम भाव को जन-जन तक पहुंचाना था। ताकि लोग घरों से बाहर निकल कर मंदिरों में होली महोत्सव का आनंद ले सकें। सिर्रीकला से जो रास मंडली आई थी उसमें की सभी कलाकार 50 वर्ष से अधिक उम्र के थे, जो झूम-झूम कर रास प्रस्तुत कर रहे थे। बम्हनी से पहुंची फाग मंडली में तो एक कलाकार तीन नगाड़ों के साथ वादन कर रहा था, तो महिला मंडल की फाग गायन कला की भी खूब तारीफ हुई। महाकाल मुक्तिधाम की दिव्य आरती और आतिशबाजी का नजारा ऐसा था कि लोग बर्बस ही आकर्षित होते रहे।

### विधायक ने बजाया नगाड़ा, पूर्व विधायक, नपाध्यक्ष, पूर्व नपाध्यक्ष थिरके



फाग महोत्सव में शामिल होने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा भी पहुंचे थे। उन्होंने माता जी को पुष्प अर्पण कर जमकर नगाडा बाजया। इसके पूर्व फाग मंडली के गायन पर पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, नवनिर्वाचित नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू जमकर नाचते नजर आए। वहीं महिलाओं की टोली में दूसरी ओर निवृत्तमान नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग थिरकती रही। संचालन संजय शर्मा ने किया। मिले सहयोग के लिए राजेश लूनिया ने आभार व्यक्त किया। आयोजन की व्यवस्था में जवाहर द्विवेदी महाराज, आरएस माली, राजेश्वर खरे, मनीष शर्मा, बाबूलाल साहू, भारत ठाकुर, अग्रज शर्मा, मूलचंद लढ्ढा, दिलीप जैन, राजेश नायक, लालू यादव, होरीलाल पांडेय, श्रवण चंद्राकर, संतोष शुक्ला, प्रदीप वर्मा, चोवाराम साहू, नरेश साहू, गौरव चंद्राकर, गणेशाराम, दीपक तिवारी, डॉ. तरुण साहू, डॉ.अनिरुद्ध कसार, विपिन शर्मा, नंदकुमार साहू, रामनिवास चंद्राकर, मधु शर्मा, प्रकाश तिवारी, पंकज चंद्राकर, दीपाली चंद्राकर समेत मंदिर से जुड़े दर्जनों लोग व चौंक के व्यवसायी गण अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन करते रहे जिसके कारण आयोजन को भव्यता मिली।

# जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करें अधिकारी:कलेक्टर

**रायगढ़, 17 मार्च।** कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित जनदर्शन में आज जिले भर के लोग अपनी शिकायत एवं मांगों के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे थे। उन्होंने कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के सामने अपनी समस्याएं रखी। जिस पर कलेक्टर श्री गोयल ने विभागीय अधिकारियों को आवेदनों का जांच कर प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर श्री रवि राही, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रेखा चंद्रा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

रायगढ़ बैकुंठपुर निवासी निर्मल कुमार मरार अपने इलाज के संबंध में आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि घर में सिर के बल गिरने से बेहोश होकर कोमा में चले गए थे। रायपुर में इलाज करवाने के पश्चात डॉक्टरों ने बताया कि जीवन पर्यंत दवा चलेगी। उन्होंने बताया कि वे गरीबी रेखा के अंतर्गत आते है एवं स्वास्थ्य खराब होने के कारण किसी प्रकार का कार्य नहीं कर पाते। जिसके कारण तत्कालीन कलेक्टर से अनुरोध करते पश्चात उन्हें



सिविल सर्जन के माध्यम से मेडिकल सुविधा प्राप्त हो रही थी। उन्होंने दवा खरीदने में हो रही परेशानियों के मद्देनजर कलेक्टर श्री गोयल से शासन की योजना अंतर्गत पंजीयन कर निश्शुल्क इलाज प्रदान करने का आग्रह किया। कलेक्टर श्री गोयल के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा श्री निर्मल कुमार का तत्काल मौके पर समस्या का समाधान किया गया इसी प्रकार जिले के स्वामी आत्मानंद विद्यालय में कार्यरत चौकीदारों ने वेतन संबंधी समस्या को लेकर पहुंचे थे, उन्होंने बताया कि अन्य जिले में कार्यरत चौकीदारों की अपेक्षा उन्हें कम वेतन प्राप्त होता है। उन्होंने आग्रह किया कि वेतन विसंगति दूर कर उनके सामान वेतन प्रदान किया जाए। जिस पर कलेक्टर श्री गोयल ने डीईओ को जांच कर आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए। लैलूंगा निवासी श्रीमती ममता महंत अपने वेतन भुगतान की मांग लेकर पहुंची थी। उन्होंने बताया कि उनके पिता के सेवानिवृत्त के पश्चात से जल संसाधन संभाग धरमजयगढ़ में निरंतर रूप से अस्थाई कर्मचारी के रूप में साफ -सफाई का कार्य कर रही है। 30 अप्रैल से 2024 से वेतन नहीं मिलने से उन्हें आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कलेक्टर श्री गोयल से लंबित वेतन भुगतान की मांग की। जिस पर कलेक्टर श्री गोयल ने संबंधित विभाग को आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए तहसील पुसौर के ग्राम सूपा निवासी श्रीमती कांति पटेल शिकायत आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंची थी। उन्होंने बताया कि उनकी दोनों बेटियां पायोनियर पब्लिक स्कूल कोड़ातराई में अध्ययनरत है। आर्थिक स्थिति खराब होने से समय पर शुल्क जमा नहीं करने पर उनकी बेटियों को स्कूल से निकल दिया गया। उनकी बेटियां आगे की पढ़ाई करना चाहती लेकिन स्कूल प्रबंधन द्वारा स्थानांतरण प्रमाण पत्र नहीं दिया जा रहा। उन्होंने स्कूल प्रबंधन के फीस जमा करने में असमर्थता जाहिर करते हुए स्थानांतरण प्रमाण पत्र दिलवाने के आग्रह किया। कलेक्टर श्री गोयल ने डीईओ को आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए।

तहसील पुसौर के ग्राम पुटकापुरी निवासी श्रीमती बसंती पटेल पीएम आवास के संबंध में आवेदन लेकर पहुंची थी। उन्होंने बताया कि योजनांतर्गत आवास सूची में नाम आने के बाद भी प्रथम किस्त की राशि नहीं मिल पायी है। उन्होंने पीएम आवास की किस्त की राशि प्रदान करने का आग्रह किया। जिस पर कलेक्टर श्री गोयल ने जनपद सीईओ पुसौर को आवेदन की जांच कर निराकृत करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार राशन, विद्युत, राजस्व, आवास, रोजगार सहित विभिन्न मांगो एवं शिकायतों को लेकर आज लोग पहुंचे थे। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है विभागों से संबंधित प्राप्त आवेदनों का जांच कर समय-सीमा में प्राथमिकता निराकृत करें।

## स्थानीय लोककला एवं सांस्कृतिक परंपरा को बढ़ावा देने छत्तीसगढ़ शासन की अभिनव पहल




**सुकमा, 17 मार्च।** छ.ग. शासन मुख्य सचिव कार्यालय महानदी भवन, मंत्रालय का पत्र क्र. / 106 /ओ.एस.डी./ मु.स.का./ 2025 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 24.02.2025 द्वारा जनजाति बाहुल्य बस्तर संभाग की स्थानीय कला एवं सांस्कृतिक परंपरा से परिपूर्ण बस्तर अंचल के लोककला, शिल्प, तीज-त्यौहार, खानपान, बोली-भाषा, रीति-रिवाज, वेश-भूषा, आभूषण, वाद्ययंत्र, पारंपरिक नृत्य, गीत-संगीत, लोकनाट्य, पेयपदार्थों के मूल स्वरूप को संरक्षण संवर्धन एवं कला समूहों के सतत् विकास तथा जनजातीय कलाकारों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने के उद्देश्य से ÷बस्तर पंडूम 2025÷ का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में सुकमा जिले में ÷बस्तर पंडूम 2025÷ का आयोजन किया जाएगा। विकासखंड स्तरीय बस्तर पंडुम प्रतियोगिता का आयोजन 17 मार्च से 19 मार्च तक सभी विकासखंडों में किया जाएगा। प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए सर्व एसडीएम(सुकमा/कोंटा/छिंदगढ़)को नोडल अधिकारी और सर्व जनपद सीईओ को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है तथा उनके सहयोग के लिए संबंधित मंडल संयोजक और खंड स्त्रोत समन्वयक की ड्यूटी लगाई गई है। विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता के पश्चात विजयी प्रतिभागियों के जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 21 मार्च से 23 मार्च तक जिला मुख्यालय सुकमा में किया जाएगा। प्रतियोगिता के सुचारू क्रियान्वयन के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नम्रता जैन को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# गर्मी के मौसम में निर्बाध पेयजल आपूर्ति के लिए रखें पर्याप्त व्यवस्था,कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**रायगढ़, 17 मार्च।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय काम-काज की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आगामी त्यौहारों के मद्देनजर खाने-पीने के सामग्री विक्रय वाले स्थानों में स्वच्छता का पर्याप्त ध्यान रखा जाए, खाद्य पदार्थों में शुद्धता और गुणवत्ता हो और किसी भी प्रकार के अमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री न हो। इसके लिए उन्होंने खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य और नगरीय निकाय के अधिकारियों को नियमित रूप से जांच और कार्यवाही के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री गोयल ने आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल आपूर्ति की सुचारू व्यवस्था के लिए सभी नगरीय निकाय के अधिकारियों को निर्देशित किया। वहीं पीएचई को भी अपनी विभागीय तैयारी रखने के निर्देश दिए। जिससे कहीं पेयजल आपूर्ति में समस्या आती है तो उसे तत्काल दुरुस्त किया जा सके।



फॉर्मर रजिस्ट्रेशन प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुए कलेक्टर श्री गोयल ने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को इसकी लगातार मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से मुकडेगा और लैलूंगा तहसील में प्रगति के लिए ध्यान देने के निर्देश दिए। अपार आईडी बनाने के शेष कार्य को भी शीघ्र पूरा करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर श्री गोयल ने सीएम जनदर्शन, पीजीएन पोर्टल और कलेक्टर जनदर्शन में आने वाले आवेदनों के निराकरण की स्थिति के बारे में विभागवार जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अब निर्वाचन कार्यक्रम समाप्त हो चुके हैं ऐसे में आवेदनों के निराकरण में तेजी आनी चाहिए।

आयुष्मान कार्ड निर्माण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर गोयल ने मृत लोगों की जानकारी अपडेशन के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर से मृत लोगों की प्राप्त जानकारी को डेथ सर्टिफिकेट से वेरिफाई कर जानकारी अपलोड करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने बिना तारपोलिन ढकें और ओवरलोडिंग वाले वाहनों पर कार्रवाई के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि नियमित रूप से ऐसे वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करें। कलेक्टर श्री गोयल ने खाद्य अधिकारी से शत-प्रतिशत ई-केवायसी के संबंध में जानकारी ली।

इस अवसर पर एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े, प्रशिक्षु आईएफएस श्री नवीन कुमार, अपर कलेक्टर श्री रवि राही, आयुक्त नगर निगम श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय सहित जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### पीएम सूर्यघर योजना का व्यापक स्तर पर करें प्रचार

कलेक्टर श्री गोयल ने पीएम सूर्यघर योजना के क्रियान्वयन की जानकारी ली। ईई सीएसपीडीसीएल ने बताया कि करीब 70 लोगों के घरों में इंस्टालेशन कर लिया गया है। 850 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं जिस पर कार्यवाही चल रही है। कलेक्टर श्री गोयल ने योजना का जमीनी स्तर पर समुचित प्रचार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह योजना लोगों के लिए काफी फायदेमंद है। इस योजना के लाभार्थियों को भी दूसरों के साथ साझा करें जिससे वे योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित हों।

## कलेक्टर जनदर्शन में आम लोगों ने बताई समस्याएं

**जगदलपुर 17 मार्च ।** कलेक्टर श्री हरिस एस के द्वारा सोमवार को जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में जनदर्शन आयोजित किया गया। जिसमें विभागीय योजनाओं से सम्बंधित मांगों और समस्याओं के लिए आमजनों ने आवेदन दी। इस पर कलेक्टर ने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## अनुपस्थित कर्मचारियों को कार्य पर तत्काल उपस्थित होने के निर्देश

**जगदलपुर 17 मार्च।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जगदलपुर द्वारा विभाग के अधीनस्थ स्वास्थ्य केन्द्रों में पदस्थ अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित कर्मचारियों श्री शिव कुमार देहारी, श्री पुरूषोत्तम साहू एवं श्री मोहन कश्यप को 05 दिवस के भीतर आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं, अन्यथा संबंधित कर्मचारियों के विरूद्ध नियमानुसार सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार जिले के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तोकापाल के वार्ड ब्वॉय श्री शिव कुमार देहारी 18 जनवरी 2024, उप स्वास्थ्य केन्द्र सिलकझोड़ी बास्तानार के आरएचओ ी मोहन कश्यप 17 मई 2017 से बगैर पूर्व सूचना के अपने कर्तव्य से अनुपस्थित हैं।

## पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजनांतर्गत कक्षा 6वीं मे प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 30 मार्च को

**सुकमा, 17 मार्च।** पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना (यथा संशोधित 2021) अंतर्गत वर्ष 2025 26 में कक्षा 6वी में अनुसूचित जनजाति तथा अनुसूचित जाति वर्ग के छात्र-छात्राओं हेतु चयन परीक्षा का आयोजन दिनांक 30 मार्च 2025 रविवार को समय दोपहर 12꞉00 से 02꞉00 बजे तक जिला मुख्यालय में लिखित परीक्षा आयोजित जाने हेतु एतद् द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सुकमा कुम्हाररास, जिला-सुकमा को परीक्षा केंद्र निर्धारित करते हुए परीक्षा के सफलतापूर्वक संचालन हेतु सुखराम देवांगन, विकास खण्ड शिक्षा अधिकरी, विकास खण्ड सुकमा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाता है ।

एवं श्री राजीव कुमार, प्राचार्य, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सुकमा को केंद्राध्यक्ष नियुक्त किया जाता है।

### आधुनिक सुविधाओं से युक्त जिम का नगर पालिका अध्यक्ष ने किया शुभारंभ

# फिटनेस के प्रति जागरूकता दिखाएं आमजन : चंद्रकला वर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**तिल्दा नेवरा, 17 मार्च।** फिटनेस के प्रति जागरूकता का संदेशचंद्रकला वर्मा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा ड्रंगनशे से दूर रहने और फिटनेस को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी।

स्थानीय कुर्मी बोर्डिंग नेवरा में नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा ने जिम के उद्घाटन अवसर पर कहा किश्रीमती चंद्रकला वर्मा ने अपने संबोधन में युवाओं को नशे से दूर रहने और फिटनेस को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सुडौल और मजबूत शरीर दवाओं और स्टेरॉइड के सहारे नहीं, बल्कि कड़ी मेहनत और अनुशासन से बनता है। युवाओं को धैर्य और लगन से अपने फिटनेस लक्ष्यों को हासिल करना। यह कार्यक्रम सिर्फ एक जिम का उद्घाटन नहीं था, बल्कि समाज में फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व को बढ़ावा देने का एक प्रयास था। कुर्मी समाज के उपराज्य प्रधान डॉक्टर कृष्ण कुमार वर्मा ने युवाओं को संदेश दिया कि एक स्वस्थ शरीर के बिना एक स्वस्थ समाज की कल्पना नहीं की जा सकती।

मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज तिलदा राज के संरक्षक महेश नायक ने कहा कि शहरों में जिम ही एकमात्र सहारा है जो शरीर को स्वस्थ बनाएं रखता है। इसलिए वर्तमान समय में स्वस्थ शरीर के लिए जिम आवश्यक हो गया है। इस अवसर पर छात्रावास संरक्षक हेमचंद वर्मा तिल्दा नगर संरक्षक जैनेंद्र बघेल, तिल्दा बस्ती प्रमुख शिव वर्मा, ऋषि कुमार वर्मा विश्वनाथ वर्मा अनिल वर्मा दीपक वर्मा प्रवीण कुमार नायक, कौशल वर्मा, नंदनी खिचरीया, मैना वर्मा आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन जीवा फिटनेस जिम के संचालक प्रदीप वर्मा ग्राम रजिया के द्वारा किया गया।

# नवनिर्वाचित जपं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों ने ली पद व गोपनीयता की शपथ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

■ जनपद पंचायत बलौदाबाजार में शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

■ कार्यक्रम में शामिल हुए राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा

**छुरा, 17 मार्च।** जनपद पंचायत बलौदाबाजार के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को जनपद पंचायत कार्यालय परिसर मे सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा सहित अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया गया। पीठासीन अधिकारी जनपद सीईओ फक्कीर चरण पटेल ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुलोचना यादव, उपाध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा एवं सदस्यों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

राजस्व मंत्री वर्मा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि आप सभी जनप्रतिनिधि क्षेत्र की जनता की आशाओं और विश्वास के मुताबिक सेवा भाव से कार्य करें। ग्रामीण क्षेत्रों मे विकास के अनेक संभावनाएं हैं जिन्हे तेजी से आगे बढ़ाना है। लोगों की समस्याओं को सुने और निराकरण कराने का प्रयास करें। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व मे हमारी सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा मे अनेक योजना संचालित कर रही है जिसमें महतारी वंदन योजना प्रमुख है। इसी तरह युवा, किसानों सहित हर वर्ग के लिए योजना लागू किया गया है। जनता से किया अधिकांश वादा एक साल के अंदर पूरा किया है। प्रदेश आज तेजी से विकास की राह पर अग्रसर है। समारोह को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा, पूर्व विधायक बिलाईगढ़ डॉ. सनम जांगड़े ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आनंद यादव, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, उपाध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या मे ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## एक नजर

### आपसी विवाद में में युवक की चाकू मारकर हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार



**तिल्दा नेवरा, 17 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** तिल्दा नेवरा के समीप ग्राम कोहका के एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मामले में पुलिस ने दोनों आरोपीयो को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा कि, मृतक और उसके दो साथियों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। जिसके बाद दो युवकों ने आक्रोश में आकर उस पर चाकू से वार कर दिया। जिसके बाद युवक ने दम तोड़ दिया। रविवार शाम को ग्राम घुलघुल शासकीय स्कूल के पास कोहका निवासी मृतक हितेश वर्मा, और वेद वर्मा उसके भाई अजय का विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ा की वेद और उसके भाई अजय वर्मा ने हितेश को चाकू, डंडे से मारकर लहूलुहान कर दिया। जिसके बाद मामले की सूचना परिजनों को मिलने के बाद मौके पर पहुंचे और हितेश को अस्पताल लेकर गए। पुलिस की गिरफ्त में दोनों आरोपीः अस्पताल में डाक्टरों ने हितेश को मृत घोषित कर दिया। वहीं मामले में नेवरा पुलिस ने मामला दर्ज कर देर शाम दोनों आरोपीयो को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। वहीं यह भी बताया जा रहा है कि, मृतक अपराधी प्रवृत्ति का था। फ़िलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### तिल्दा नेवरा अंचल में आए दिन चाकूबाजी होने पर ग्रामीणों ने व्यक्त की चिंता

**तिल्दा नेवरा, 17 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर की सीमा से जुड़ी ग्राम पंचायत कोहका घूलघुल में आपसी विवाद के चलते युवक पर चाकू से हमला कर मौत के घाट उतारा गया कोहका निवासी हितेश वर्मा को ग्राम घुलघुलके दो सगे भाइयों ने मिलकर मौत के घाट उतारा दिया है मृतक हितेश वर्मा पिता गोपाल वर्मा उम्र 21 साल निवासी कोहका घटनास्थल ग्राम घुलघुल स्कूल के बगल गोवर्धन पहाड़ के पास पुरानी रंजिश के कारण आरोपियों द्वारा चाकू व डंडा से कई जगह वार करने पर घायल अवस्था में अस्पताल में लाने पर अस्पताल में डॉक्टर द्वारा चेक करने पर मृत्यु घोषित कर दिया।आरोपी वेद प्रकाश वर्मा और उनका भाई अजय वर्मा निवासी ग्राम घुलघुल पुलिस अभिरक्षा में है।

**बढ़ते नशे के कारोबार से चिंतित है लोग**

धीरे धीरे नगर अशांत होते जा रहा है हजारों को संख्या में बाहर से आने वाले मजदूरों का पुलिस के पास कोई आंकड़ा नहीं होता। नगर में हर वार्ड में किराए में लोग रहते है जिनका पुलिस में रिकॉर्ड होना होता है पर नहीं है। लेकिन इस वक्त नशा के पदार्थों की बिक्री चौक चौराहों में खुल कर होती है। तिल्दा कोहका कॉलेज मार्ग तुलसी खार स्टेशन चौक सुभाष चौक गांधी चौक खरोरा सड़क मार्ग मिशन अस्पताल रोड सहित कुछ पान दुकानों में नशे का कारोबार बेधड़क चल रहा है। नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से मांग करते हुए तिल्दा नेवरा में बढ़ते आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने की मांग की है।

### छुरा में हर्षोल्लास से मनाया गया होली का त्यौहार

# सद्भाव और आपसी भाईचारे के साथ से मनाई होली डीजे की धुन पर जमकर थिरके युवा, बच्चे व बुजुर्ग



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 17 मार्च।** नगर सहित ग्रामीण अंचल में होली का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया।वहीं हम छत्तीसगढ़ प्रदेश की बात करें तो यहां के वनांचल जिला गरियाबंद के आदिवासी क्षेत्र की बात करें तो यहां होली का पर्व अपने संस्कृति और परंपरा के अनुसार मनाते नजर आए रात में सभी गांव के होलिका दहन स्थान पर एकत्रित होकर सभी अपने घरों से एक एक लकड़ी लेकर पहुंचते हैं और पूजा अर्चना कर होलिका दहन किया गया। वहीं सुबह से सभी लोग एक-दूसरे के ऊपर रंग डालकर ढोल नगाड़ों की धुन पर नाचते गाते हैं।जिसके बाद सभी नहा धोकर अपने ईष्ट देवता की पूजा अर्चना करते हैं इस अवसर पर कुछ आदिवासी परिवार महुआ का फूल को अपने ईष्ट देवी देवता पर अर्पित करते हैं। तत्पश्चात अपने घरों में बने व्यंजन को एक दूसरे के घर आदान-प्रदान कर व्यंजन का लुत्फ उठाते हैं। वहीं इस अवसर पर बच्चे, बुढ़े महिलाएं और जवान सभी रंगों में सराबोर नजर आए। तो कुछ युवा महिला डीजे की धुन पर थिरकते नजर आते हैं। और एक दुसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।इस मौके पर पुनितराम ठाकुर छ.ग.सर्व आदिवासी समाज गरियाबंद जिला मीडिया प्रभारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता, मिथलेश यादव, नीरज यदु, ठंकेश्वर चन्द्राकर, लीलाधर बघेल खुशवंत यदु, खोमेश मनोज, राकेश सहित इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## अंचल में सोल्लास मना होली पर्व



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 17 मार्च।** भखारा सहित अंचल की ग्राम अंवरी, भैंसबोड़, कुम्हारी, पुरेना, जोरातराई, कोलियारी, भखारा-भठेली, सिंगदेही, भेण्डसर, सिर्वे, सेमरा, सिलतरा, सुपेला, नवगांव, थुहा, बगौद, बंगोली, बंजारी, खपरी, कुर्रा सहित आसपास के गांवों में रंगों का महापर्व होली पूरी सादगी के साथ मनाया गया। प्रेम, भाईचारे और सबको एक सूत्र में जोड़ने वाले इस त्योहार का उत्साह हर वर्ग में देखते ही बन रहा था। इस बार लोगों ने पूरे उत्साह व उमंग के साथ इस पर्व की खुशियां बांटी। लोगों ने अपने निवास व चौक-चौराहों में आपस में मुलाकात कर रंग-गुलाल लगाकर पर्व की खुशी में रौनकता का रंग भरा तो वहीं कुछ लोग अपने मित्रों, रिश्तेदारों से मेल-मुलाकात कर रंगों के इस महोत्सव में डूबते नजर आए। सुपेला के ग्रामीण भास्कर साहू, समीर साहू ने बताया कि होली पर्व के कुछ दिन पूर्व से ही भखारा सहित अंचल में नगाड़ों की थाप पर फाग गीत गाते हुए लोग पर्व की उमंग में जुटे हुए थे। होली की पूर्व संध्या पर विभिन्न स्थानों पर विधिवत रूप से होलिका दहन होते ही होली पर्व के उत्साह में लोग मगन होने लगे। गांव के विभिन्न चौक-चौराहों में लोग नगाड़े की थाप पर फाग गीत गाते हुए पर्व की मस्ती में डूबे रहे। इसी तरह महिलाओं ने भी पारंपरिक रूप से अपने घरों व आस-पड़ोस में रंग-गुलाल लगाकर सभी को त्योहार की शुभकामनाएं देते हुए जीवन में भी प्रेम व्यहार के रंग को बरकरार रखने की बात कही।

### होली में शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर की गई कड़ी कार्रवाई

**बलौदाबाजार, 17 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा ऑपरेशन विश्वास के तहत होली पर्व पर समुचित सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु तथा इस दौरान जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम हेतु शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग कर कडी कार्यवाही किया गया। होली पर्व के दौरान दिनांक 12, 13, 14.03.2025 को जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वाले, वाहन चालकों के विरुद्ध पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया है। इस दौरान संपूर्ण अभियान में पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा एक साथ भारी वाहन, चारपहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन चालकों की चेकिंग की गई। पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में ब्रेथ एनलाइजर के माध्यम से परीक्षण कर होली पर्व के पूर्व, होलिका दहन एवं होली पर्व पर कुल 17 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है, जिनके विरुद्ध कार्यवाही कर उनके वाहन जप्त किया गया है।

### कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोपी को किया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 17 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रार्थी वीरेंद्र कुमार पाटले शाखा प्रबंधक सेटिन क्रेडिट केयर नेटवर्क लिमिटेड बलौदाबाजार द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया शाखा की ऑडिट रिपोर्ट में आरोपी सत्यनारायण सहित अन्य आरोपियों द्वारा विभिन्न हितग्राहियों से रकम लेकर शाखा में जमा नहीं किया गया है। आरोपी सत्यनारायण लहरे द्वारा विभिन्न महिला ग्राहकों से शाखा में जमा करने हेतु लिए गए कुल रकम ?14, 542 को शाखा में जमा नहीं किया गया है। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 816/2024 धारा 420, 34 का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। की प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्यवाही करते हुए आरोपी सत्यनारायण लहरे को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा विभिन्न महिला हितग्राहियों द्वारा जमा करने के दी गई रकम को शाखा में जमा ना कर स्वयं उपभोग कर लेना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 15.03.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है। आरोपी का नाम सत्यनारायण लहरे उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम जोंधरा थाना पचपेड़ी जिला बिलासपुर है।



# नेहा शर्मा बनी लालसोट ब्राह्मण समाज महिला मंडल की अध्यक्ष

### लालसोट ब्राह्मण समाज महिला मंडल भाटापारा में कार्यकारिणी गठित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 17 मार्च।** लालसोट समाज की महिलाओं की बैठक संपन्न हुई। जिसमें नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान उपस्थित वरिष्ठ सदस्यों एवं सभी महिलाओं द्वारा सर्वसम्मति से महिला मंडल की अध्यक्ष पद के लिए नेहा अश्वनी शर्मा को चुना गया।

विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए कार्यकारिणी के विभिन्न पदों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया। महिला इकाई की संरक्षिका पूजा नरेश चौबे व वंदना गोपाल शर्मा बनाई गयी। कार्यकारिणी की मार्गदर्शिका कमला धनजी जोशी व आशा जितेंद्र पुरोहित होंगीं। इसी प्रकार उपाध्यक्ष - प्रियंका दुर्गेश शर्मा, सचिव - ज्योति शैलेश शर्मा व उमा सोनू पटाक, कोषाध्यक्ष - रेखा जयप्रकाश शर्मा व यामिनी आलोक शर्मा, सहसचिव- मीता संतोष शर्मा व पदमा प्रमोद तिवाड़ी, मिडिया प्रभारी - आभा हेमंत व्यास, सांस्कृतिक प्रमुख- साक्षी मोनू शर्मा व साक्षी राहुल जोशी चुनी गयी। इनके अतिरिक्त विभिन्न आयोजनों व सामाजिक कार्यक्रमों में सहयोग हेतु कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में - योगिता योगेश शर्मा, ममता गोविन्द शर्मा, पायल मयंक तिवाड़ी, खुशी आशीष टोडर, आरती वैभव टोडर, अर्चना वीनू शर्मा, पिंकी अभिषेक शर्मा, संध्या चंदू चौबे, महिमा सिद्धार्थ शर्मा, अंकिता आशीष पुरोहित, सोनिया अभिषेक शर्मा, पलक सौरभ चौबे, सपना आयुष पुरोहित व मोनिका सन्नी शर्मा का चयन किया गया। समाज की वरिष्ठ महिलाओं व सभी सदस्यों द्वारा नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को आशीर्वाद व बधाई देकर कर्तव्यों के कुशल निर्वहन की बात कही गयी। उपरोक्त जानकारी मिडिया प्रभारी आभा हेमंत व्यास द्वारा दी गयी।

### न्यायालयीन आदेश की अवमानना करना भखारा तहसीलदार भूपेश चंद्राकर को पड़ा महंगा

# हाईकोर्ट ने थमाया नोटिस और मांगा जवाब

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 17 मार्च।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिकाकर्ता दिग्विजयसिंह साहू पिता तेजराम साहू ने ग्राम - सुपेला की शासकीय भूमि खसरा क्रमांक - 123, रकबा - 2.40 हेक्टेयर से अवैध अतिक्रमण जनहित याचिका क्रमांक - 27/2022 लगाया था और जिसमें याचिकाकर्ता दिग्विजयसिंह ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर से जनहित याचिका में अनुरोध किया था कि ग्राम सुपेला में स्तिथ शासकीय भूमि खसरा क्रमांक - 123, रकबा - 2.40 हेक्टेयर सार्वजनिक भवन एवं बच्चों के खेलकूद मैदान के लिए आरक्षित है जिसमें ग्राम पंचायत सुपेला के निवर्तमान सरपंच मति लीलेश्वरी देवांगन के पति नवनिर्वाचित सरपंच चेतन लाल देवांगन एवं उनके जेठ नरसिंग राम देवांगन के द्वारा अवैध अतिक्रमण किया है जिस पर उच्च न्यायालय बिलासपुर ने दिग्विजयसिंह साहू की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए तत्कालीन नायब तहसीलदार एवं वर्तमान तहसीलदार भूपेश चंद्राकर को ग्राम पंचायत सुपेला से अवैध अतिक्रमण हटाने निर्देश दिया था लेकिन ग्राम पंचायत सुपेला की निवर्तमान सरपंच मति लीलेश्वरी देवांगन ने अपने पति चेतन लाल देवांगन व जेठ नरसिंग राम देवांगन को अवैध अतिक्रमण से बचाने नायब तहसीलदार भूपेश चंद्राकर की आदेश छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 248 का पालन नही किया और अवैध अतिक्रमण नही हटाया। तत्पश्चात उच्च न्यायालय बिलासपुर ने तत्कालीन नायब तहसीलदार व वर्तमान तहसीलदार भूपेश चंद्राकर को अवैध अतिक्रमण 8 सप्ताह के भीतर हटाने के लिए आदेशित किया जिनके परिपालन में तहसीलदार भूपेश चंद्राकर ने अवैध अतिक्रमण पर कोई कार्रवाई नही किया और उच्च न्यायालय बिलासपुर की आदेश की अवमानना किया जिस



कारण याचिकाकर्ता दिग्विजयसिंह साहू ने उच्च न्यायालय बिलासपुर में अवमानना याचिका प्रस्तुत किया जिस पर न्यायालय ने संज्ञान लेते हुए तहसीलदार भूपेश चंद्राकर को नोटिस जारी करते हुए 4 सप्ताह के भीतर में लिखित जवाब मांगा है।

इस संबंध में याचिकाकर्ता दिग्विजयसिंह ने बताया कि निवर्तमान सरपंच मति लीलेश्वरी देवांगन ने अपने पति नवनिर्वाचित सरपंच चेतन लाल देवांगन और जेठ नरसिंग राम देवांगन को अवैध अतिक्रमण से बचाने के लिए पंचायत द्वारा बेदखली की कोई वैधानिक कार्रवाई नही किया और निवर्तमान सरपँच ने अपने पति व जेठ को अवैध अतिक्रमण से बचाने के लिए तहसीलदार भूपेश चंद्राकर को ग्राम पंचायत सुपेला की शासकीय भूमि खसरा क्रमांक - 123 व 116 को आबादी कराने के लिए गुपचुप तरीके से पंचायत प्रस्ताव सौंप दिया और तहसीलदार भूपेश चंद्राकर के साथ साठगांठ कर फर्जी तरीके से जिस भूमि पर उनके पति व जेठ का अतिक्रमण है उसी भूमि पर अपने पारिवारिक सदस्यों के नाम आबादी घोषित करा दिया निवर्तमान सरपँच मति लीलेश्वरी देवांगन ने तहसीलदार भूपेश चंद्राकर के साथ मिलीभगत कर फर्जी व गुपचुप तरीके से आबादी घोषित किया जिसकी जानकारी मुझे मिलने पर आपत्ति दर्ज किया गया था लेकिन तहसीलदार भूपेश चंद्राकर ने राजनैतिक दबाव के चलते मेरा आपत्ति खारिज कर खसरा क्रमांक - 123 व 116 को आबादी घोषित कर दिया है।


**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ 1 के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202501092100029**

विषय:- अ-6 अ
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्- 2024-2025

लतमर्रा (प ह न. 00019),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- छन्नुलाल,
अनावेदक पक्षकार- आम जनता कोई हो तो।

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक छन्नुलाल आ. दौलतराम उम्र 74 वर्ष, जाति-कंडरा, निवासी कंडरा पारा वार्ड नं 21 डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदक के द्वारा वर्ष 2011 में कृषक ग्राम लतमर्रा में ख.नं 155/2 रकबा 3.65 एकड़ भूमि क्रय किया था। जिसका किसान किताब तहसीलदार डोंगरगढ़ के द्वारा जारी किया गया। आवेदक को किसी शासकीय कार्य एवं कृषि कार्य हेतु अपने भूमि का रिकार्ड लिया तभी पता चला कि उक्त भूमि 3.65 में से 2.00 भूमि नक्शा एवं कब्जा से गायब है। राजस्व अभिलेख में दर्ज करने एवं कब्जा प्राप्त करने हेतु श्रीमान न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ एव श्रीमान कलेक्टर महोदय राजनांदगांव में आवेदन दिया था। जिसमें जांच पड़ताल कर श्रीमान तहसीलदार डोंगरगढ़ के द्वारा दिनाक 06/11/2024 को एक ज्ञापन जारी किया है। जिसमे कहा गया है कि भूमि की कमी बनायी गई है और श्रीमान तहसीलदार के द्वारा मुझे सलाह दी गई है कि उक्त चकबंधी के समय 2.00 एकड़ की भूमि त्रुटि सुधार के लिये सक्षम न्यायालय में आवेदन पेश करे। ख.नं. 155 में 4.07 एकड़ भूमि पूर्व में है। ख.न. 155 का बटांकन के दौरान 155/1 में मात्र 0.42 एकड़ है जो कृष्णा, मदन एवं अन्य का नाम दर्ज है एवं 155/2 रकबा 3.65 में विक्रय पत्र एवं किसान किताब के आधार पर मुझ आवेदक का नाम दर्ज है लेकिन नक्शा एवं कब्जा में 2.00 एकड़ गायब है लेकिन मुझे ऐसा लगता है कि उक्त 2.00 एकड़ भूमि कृष्णा, मदन एवं धिरसिंग आ. उमेदसिंग के द्वारा कब्जा करके कृषि कार्य कर रहा है क्योंकि वर्तमान में उक्त व्यक्तियों के विरूद्ध ख. न. 155/2 के भूमि को जांच पड़ताल एवं खंगाला जाये तो मुझ पीड़ित आवेदक को निश्चित ही 2.00 एकड़ भूमि प्राप्त हो जावेगा। जबकि उक्त काबिज व्यक्तियों का नाम ख. नं. 155/1 में उक्त लोगों का नाम दर्ज है। जिसे छोड़कर मुझ आवेदक के भूमि में जबरन कब्जा किया जो राजस्व विभाग के पटवारी, राजस्व निरीक्षक एवं तहसीलदार के मिली भगत है ऐसा प्रतीत होता है। उक्त विषय के संबंध में यथाशीघ्र कार्यवाही किया जाकर कमी पाई गई 2.00 एकड़ की भूमि राजस्व अभिलेख में नाम दर्ज कर नक्शा एवं कब्जा दिलाई जाए एवं पिछले लंबित 12 वर्षों से वंचित 2.00 एकड़ भूमि का आर्थिक क्षति 12,00,000/- (बारह लाख रू.) दिलाई जाए एवं आगामी 2.00 एकड़ भूमि प्राप्त होते तक 1 लाख प्रतिवर्ष बढ़ाए जाने की कृपा करेगें एवं निर्विरोध निर्पिवाद एवं निर्वाहक कब्जा दिलाने का निवेदन किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 24.03.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/03/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़



**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़**
**तहसील डोंगरगढ़ जिला- राजनांदगांव**
रा.प्र.क्रमांक- 202502092200009
अ/6 (अ) वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद् सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक जयकरण कुर्मी पिता सदाराम जाति कुर्मी उम्र 65 वर्ष निवासी ग्राम मुरमुंदा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि मेरे तथा मेरे परिवार के शामिलात नाम से ग्राम मुड़पार प.ह.न. 31 रा.नि.म. चौथना तहसील डोंगरगढ़ में कुल खसरा नम्बर 08 कुल रकबा 1.623 हे. भूमि स्थित है जिसमें नम्बरदार जयकरण पिता सदाराम एवं हिस्सेदार उर्मिला बेवा सदाराम का नाम अंकित है जो ऑन लाईन बी-1, खसरा में दर्ज है। मेरी माता का नाम अमोला बेवा सदाराम है जो सत्य व सही है जो हमारे ऋण पुस्तिका क्रमांक डी-40684 है जिसमें अमोला बेवा सदाराम अंकित है। उपरोक्त दोनों नाम में भिन्नता होने से कठिनाई हो रही है। ऑन लाईन राजस्व रिकार्ड में त्रुटिवश उर्मिला बेवा सदाराम दर्ज होने से हमे शासकीय कार्यो में बहुत परेशानी हो रही है। उपरोक्त ऋण पुस्तिका में दर्ज नाम अमोला बेवा सदाराम अनुसार ऑनलाईन बी-1, खसरा में उर्मिला बेवा सदाराम को त्रुटि सुधार कर अमोला बेवा सदाराम दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 19.03.2025 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

यह आज दिनांक 03.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर से अभिकरण की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़

## एक नजर

### सूने मकान से हजारों रुपए के जेवर पार

**रायपुर, 17 मार्च।** शक्तिपारा उरकुरा स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने हजारों रूपए के जेवर पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया प्रभा देवांगन 29 वर्ष शक्तिपारा उरकुरा की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया और आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर व अन्य दस्तावेज पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अग्निवीर भर्ती की अधिसूचना जारी

**रायपुर, 17 मार्च।** भारतीय सेना में अग्निवीर पदों के लिए भर्ती का सुनहरा अवसर



युवाओं के लिए आ गया है। इच्छुक उम्मीदवार 10 अप्रैल तक अपना ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार, अग्निवीर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की जा चुकी है। यह सूचना भारतीय सेना की वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर उपलब्ध है, जहां उम्मीदवारों को आवेदन करना होगा। अग्निवीर की भर्ती जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडमेन (8वीं और 10वीं), महिला सैन्य पुलिस, रेगुलर कैडर, धर्म गुरु, नर्सिंग सहयोगी और सिपाही फार्मा के पदों के लिए निकाली गई है। उम्मीदवार अपनी योग्यता के अनुसार इन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। अग्निवीर क्लर्क के उम्मीदवारों को ऑनलाइन परीक्षा में टाइपिंग टेस्ट भी देना होगा। ऑनलाइन परीक्षा जून 2025 में आयोजित होने की संभावना है। किसी भी अन्य जानकारी या समस्या के लिए उम्मीदवार सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के टेलीफोन नंबर 0771-2965212/0771-2965214 पर संपर्क कर सकते हैं। परीक्षा और फिजिकल टेस्ट के स्थान की जानकारी बाद में दी जाएगी।

### नगर निगम में कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही

**रायपुर, 17 मार्च।** भाजपा की आंतरिक गुटबाजी के चलते एमआईसी का गठन देरी से किया गया। इसके चलते निगम के सारे काम लगभग एक माह से ठप्प है। जबकि सभापति के चुनाव के एक सप्ताह के अंदर नियम अनुसार एमआईसी का गठन हो जाना चाहिए था। इससे यह साबित हो चुका है अभी से नगर निगम में नियम क़ानून की धज्जियाँ उड़ाई जा रही है। जनता के काम आखिर कब शुरू होंगे। अभी ज़ोनो का गठन भी बाक़ी है। जनता जानना चाह रही है। आधे से ज़्यादा हिस्सो में पानी की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है। आने वाले समय में रायपुर में फिर से टैंकर माफिया फिर से सक्रिय होते दिख रहे हैं।





**रायपुर।** इन दिनों रमजान का पाक महीना चल रहा है। राजधानी के बाजारों में तरह-तरह की रंगीन सेवइयों की जमकर बिक्री हो रही है। इसके अलावा ईद के पूर्व बाजार गुलजार है।

# भुगतान नहीं होने से जल जीवन मिशन का काम बंद







■ मंत्री ने कहा-निर्धारित समय पर काम पूरा कर लिया जाएगा

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 17 मार्च।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में सोमवार को एक बार फिर जल जीवन मिशन का मामला गूंजा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि ठेकेदार को भुगतान नहीं करने से उन्होंने काम बंद कर दिया है इसीलिए केन्द्रांश की राशि भी जारी नहीं की जा रही है। विभागीय मंत्री ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि इस योजना को पूरा करने की समय सीमा बढ़ गई है जो निर्धारित समय पर पूरा कर लिया जाएगा।

प्रश्नकाल के दौरान आज नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने पूछा कि जल जीवन मिशन के लिए वर्ष 2024 , 2025 के मुख्य बजट में कितनी राशि का प्रावधान किया गया है। फरवरी 2025 तक प्रदेश को इस योजना के लिए केन्द्रांश के रूप मे कितनी राशि मिली है और कितना काम वर्तमान में पूरा हुआ है। पी एच ई मंत्री अरुण साव बताया कि बजट में 4500 करोड़ का प्रावधान इस योजना के लिए रखा गया है, फरवरी तक केंद्रांश के रूप में 105 करोड़ रुपए मिले हैं। कुल 26 हजार करोड़ से अधिक की यह योजना है। इसे पूरा करने समय बढ़ाकर 2028 कर दिया गया है। वर्तमान में लक्ष्य का 45 प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। तय समय पर इसे पूरा कर लिया जाएगा।

नेता प्रतिपक्ष डॉ महंत ने आरोप लगाया कि केंद्र से राशि नहीं मिलने से ठेकेदारों का भुगतान नहीं हो रहा है इसलिए उन्होंने काम रोक दिया है जिसके चलते केंद्र की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ प्रदेशवासियों को नहीं मिल रहा है। काम की रफ्तार भी धीमी है इसलिए केंद्र सरकार राशि जारी नहीं कर रही है। विभागीय मंत्री ने विपक्ष के आरोपों को नकारते हुए कहा कि जल जीवन का कार्य कहीं भी बंद नहीं हुआ है समय सीमा में लक्ष्य पूरा कर इसका लाभ प्रदेशवासियों को दिलाएंगे।

# ग्रामों में निस्तारी पानी का संकट गहराया

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 17 मार्च।** अभी मार्च माह बीता नहीं है और ग्रामीण इलाकों में निस्तारी पानी का संकट अभी से गहराने लगा है । समस्या का भयावह रूप लेने से पहले ही निस्तारी पानी देने गंगरेल का? पट खोलने की? मांग उठने लगी है । बंगोली सिंचाई उपसंभाग के अधीन आने वाले सिंचाई पंचायतों के पूर्व ?अध्यक्षो ने ?एक बैठक के? बाद ?सिंचाई मंत्री केदार कश्यप से गंगरेल से अविलंब निस्तारी पानी छुड़वाने का आग्रह किया है। ज्ञातव्य हो कि खरीफ सिंचाई के बाद ग्रीष्मकाल में गंगरेल से तालाबों को भरने हर साल निस्तारी पानी छोड़ा जाता है जो अपवादस्वरूप परिस्थितियों को छोड़ अमूमन अप्रैल माह में छोड़ा जाता है । इस वर्ष मार्च के शुरूआत होते होते ग्रामीण इलाकों में जल संकट शुरू हो चला है जो समय बीतते बीतते गहराने लगा है और अभी से ग्रामीण निस्तारी पानी की संकट से जूझने लगे हैं । समस्या को देखते हुये बंगोली सिंचाई उपसंभाग के अधीन आने वाले सिंचाई पंचायतों के पूर्व ?अध्यक्षो ने होली त्यौहार के पूर्व एक बैठक आयोजित कर गंगरेल में पानी की उपलब्धता को देखते हुये होली त्यौहार ?के तुरंत बाद गेट खुलवा पानी छुड़वाने की? मांग को ले ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया । बैठक में रायपुर जिला जल उपभोक्ता संस्था संघ के अध्यक्ष रहे भूपेंद्र शर्मा सहित गोविंद चंद्राकर , थानसिह साहू , प्रहलाद चंद्राकर , चिंताराम वर्मा , हिरेश चंद्राकर , धनीराम साहू , तुलाराम चंद्राकर , भारतेंदु साह , योगेश चंद्राकर आदि शामिल थे।

# महापौर ने सफाई व्यवस्था का जायजा लिया

**रायपुर, 17 मार्च।** आज सुबह महापौर मीनल छगन चौबे ने सबसे व्यस्ततम क्षेत्र सदर बाजार, कोतवाली थाना और एमजी रोड का



निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। एमजी रोड में मंजू ममता होटल प्रबंधन को सफाई व्यवस्था में विशेष ध्यान देने और मौदहापारा में मारुति सेल्स के पट्टे के कारण सफाई कार्यों में आ रही दिक्कतों को लेकर निगम के अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देने हेतु निर्देशित किया।हर रविवार को मौदहापारा में प्रातःकालीन बाजार लगने से आवागमन बाधित होता है, जिसके निराकरण को लेकर भी अधिकारियों से महत्वपूर्ण चर्चा हुई।राजधानी को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित बनाना महापौर का संकल्प है, जिसके लिए निगम सरकार प्रतिबद्ध है।

# रसूखदार भाजपाइयों को बचाने भारतमाला मुआवजे की सीबीआई जांच नहीं करवा रही सरकार: कांग्रेस

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 17 मार्च।** भारतमाला परियोजना के जमीन अधिग्रहण घोटाले की भाजपा सरकार लीपापोती करना चाहती है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकार इस मामले में संलिप्त भाजपा के वरिष्ठ नेताओं एक पूर्व मंत्री, विधायक को बचाने के लिए ईओडब्ल्यू की जांच करवा रही है। भारत माला परियोजना केंद्र सरकार की योजना है। इस मामले में मुआवजे का जो घोटाला हुआ है



उसमें केंद्र सरकार के खजाने पर डाका डाला गया है। अतः इसकी जांच केंद्र सरकार की एजेंसियों को करना चाहिये। केंद्रीय राशि पर घपले की जांच सीबीआई को करना चाहिये। साथ ही सैकड़ों रू. का लेन देन में जो गड़बड़ी किया गया है। अतः ईडी भी इस मामले की जांच करे। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भारत माला परियोजना में अभी जो घोटाला सामने आया है वह तो केवल एक तहसील का है। इस पूरे सड़क परियोजना के भूमि अधिग्रहण की सूक्ष्म जांच होनी चाहिये। यह हजारों करोड़ का सुनियोजित घोटाला है जिसमें संगठित गिरोह बना कर मुआवजा वसूला गया है। रायपुर से हैदराबाद सड़क के भूमि अधिग्रहण की जांच कराया जाना आवश्यक है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री और मंत्री द्वारा यह कहा जाना कि कांग्रेस ने सीबीआई को बैन किया था वह सीबीआई जांच की मांग क्यों कर रही है यह अतार्किक बयान है। जब साय सरकार ने राज्य में सीबीआई के बैन को हटा दिया है। छोटे-छोटे मामले में सीबीआई जांच कराने की घोषणा की जाती है तब इतने बड़े घोटाले की जांच से डबल इंजन की सरकार क्यों घबरा रही है? किसको बचाने सीबीआई और ईडी की जांच नहीं करवाया जा रहा।

# रविवि कर्मचारी संघ का होली मिलन समारोह आयोजित

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 17 मार्च।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डा दिलीप धृतलहरे और सचिव संदीप खर्गवंशी ने बताया कि होली की पूर्व संध्या पर विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यालय के सामने विवेकानंद गार्डन में वि वि परिवार के समस्त सम्माननीय शिक्षकगण, कर्मचारी गण अधिकारी गण,सेवानिवृत्त कर्मचारीगण दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी गण, संविदा कर्मचारीगण एवं सुरक्षा और सफाई कर्मचारीयों के साथ होली मिलन के इस सौहाद्र पूर्ण वातावरण में पूरे विश्वविद्यालय परिवार के साथ आज दिनांक 13-3-2025 को विवेकानंद गार्डन में होली मिलन कार्यक्रम में डा शैलेंद्र पटेल कुलसचिव , वित्त नियंत्रक अखिलेश्वर तँवर जी उप कुलसचिवगण में अनिमेश देवांगन, सनत कुमार वर्मा, नरेंद्र वर्मा और सहायक



कुलसचिव खेमन सिंह कश्यप जी के साथ साथ छतीसगढ़ विश्वविद्यालयीन पेंशनर्स कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्र और सचिव तीर्थ राम यादव जी के साथ साथ वि वि के समस्त सम्माननीय कर्मचारी संघ के समस्त पदाधिकारीगण और अपने पूरे साथियों की उपस्थिति में चार चाँद लगने से होली का यह रंग दुगुना समरसता लिए सौहाद्र पूर्ण वातावरण में मनाया गया महिला और पुरुष दोनों के लिए अलग अलग पंडाल लगाए गए जिस से सभी कर्मचारी गण होली मिलन का यह पर्व भाई चारा और आपसी प्रेम भाव से युक्त होकर बिना मन मुटाव के और बिना किसी के भेद ×भाव के साथ मनाया गया। उक्त होली मिलन कार्यक्रम में कर्मचारी संघ के पूर्व सचिव प्रदीप कुमार मिश्र और सेवानिवृत कर्मचारीयों में गोरा चंद बघेल , प्रकाश ठाकुर , सुरेंद्र वर्मा आदि उपस्थित थे।

# बैंकों में स्टाफ की कमी के कारण कामकाज प्रभावित

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 17 मार्च।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के गिरिश नल गुंडवार, वाय गोपाल कृष्णा ने आज एक पत्रवार्ता में कहा कि बैंकों में पर्याप्त भर्ती की आवश्यकता है। बैंक सार्वजनिक उपयोगिता संगठन हैं जो हमारे देश के बड़ी संख्या में लोगों को दैनिक आधार पर सेवा प्रदान करते हैं। अतः बैंकों को ग्राहकों और आम बैंकिंग जनता की सेवा के लिए पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध कराया जाए। लेकिन पिछले एक दशक और उससे भी अधिक समय से हम देख रहे हैं कि बैंक, अपने बैंकों में पर्याप्त कर्मचारियों की भर्ती नहीं कर रहे हैं।



ाखाओं में कर्मचारियों की अत्यधिक कमी है और इसलिए कर्मचारी संतोषजनक ग्राहक सेवाएं प्रदान करने में असमर्थ हैं। सरकारी क्षेत्र के बैंक सरकार की सभी योजनाओं को लागू कर रहे हैं और सरकारी क्षेत्र के बैंकों को ग्राहकों की सेवा करने के लिए पर्याप्त कर्मचारी उपलब्ध नहीं कराए जाते हैं। हम मांग करते हैं कि सभी शाखाओं में संतोषजनक ग्राहक सेवाएं प्रदान करने और मौजूदा कर्मचारियों पर अनुचित कार्यभार को कम करने के लिए पर्याप्त भर्तियां की जानी चाहिए। आरबीआई, बीमा कंपनियों आदि सहित पूरे वित्तीय क्षेत्र प्रति सप्ताह 5 दिन काम कर रहे हैं। सरकारी कार्यालयों में भी 5 दिन काम होता है। आईटी सेक्टर समेत कई प्राइवेट सेक्टरों में भी हफ्ते में 5 दिन काम हो रहा है। इसलिए, हमने बैंकों में प्रति सप्ताह 5 दिन काम करने की भी मांग की है। भारतीय बैंक संघ इस पर सहमत हो गया है और एक वर्ष पहले इसके लिए सरकार को सिफारिश की है लेकिन यह मुद्दा अभी भी सरकार के पास लंबित है। इसलिए, हम अविलंब बैंको में 5-डे बैंकिंग लागू करने की मांग कर रहे हैं।

# भारतमाला परियोजना की जांच : कैबिनेट का निर्णय सदन की अवमानना

■ नेता प्रतिपक्ष ने उठाया मामला, सदन में घोषणा के बाद कैबिनेट में फैसला बदलना आपत्तिजनक

■ राजस्व मंत्री को सदन में वक्तव्य देने अध्यक्ष के निर्देश

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 17 मार्च।** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने भारतमाला परियोजना में भ्रष्टाचार की जांच के संबंध में सदन में राजस्व मंत्री द्वारा संभागायुक्त से जांच कराए जाने की घोषणा के पश्चात देर रात कैबिनेट में पूरे मामले की जांच ईओडब्ल्यू (आर्थिक अपराध शाखा) से कराए जाने की घोषणा पर आपत्ति जताई। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जब सदन का सत्र चल रहा हो तब राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा की घोषणा को पलट देना सदन की अवमानना है। उन्होंने आसंदी से इस पर कई सवाल दागे। अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि सत्र के दौरान यदि सदन के अंदर कोई घोषणा की जाती है तो उसे बाहर बदलना आपत्तिजनक है। इसलिए राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा अपना अधिकृत बयान सदन के अंदर दें। विधानसभा में सोमवार को शून्यकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने भारतमाला परियोजना में गड़बड़ी की ईओडब्ल्यू से जांच कराए जाने का मामला उठाया. उन्होंने कहा कि अगर जांच की बात सदन में ही की जाती तो ज्यादा अच्छा रहता. इस पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राजस्व मंत्री को सदन में वक्तव्य देने के निर्देश दिए. नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि मैंने भारतमाला परियोजना का सवाल सदन में लगाया था, तब हमने जांच की मांग की थी. राजस्व मंत्री ने संभागीय आयुक्त से जांच कराने की घोषणा की थी, लेकिन शाम को कैबिनेट में निर्णय लिया गया कि ईओडब्ल्यू से पूरे मामले जांच कराई जाएगी। इस पर विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने कहा कि अगर सदन में कोई मामला चल रहा था तो कोई निर्णय लेने से पहले सदन को सूचना देनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को इस मामले में सदन में वक्तव्य देने के निर्देश दिए। आसंदी ने निर्देश दिया कि पूरा मामला सदन के संज्ञान में लाना चाहिए। कांग्रेस के उमेश पटेल ने भी चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि सदन में घोषणा के पश्चात कैबिनेट में फैसला बदलना सदन की अवमानना है। अध्यक्ष ने इस पर हस्तक्षेप करते हुए कहा कि राजस्व मंत्री को सदन में वक्तव्य देने का निर्देश दे दिया गया है। इसलिए अब इस मामले पर चर्चा करना उचित नहीं है। राजस्व मंत्री ने कहा कि वे सत्र की अवधि के दौरान अपना वक्तव्य दे देंगे। विधानसभा में आज अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा प्रारंभ हो गई। गृहमंत्री विजय शर्मा के पंचायत एवं अन्य विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा शुरू हो गई है। कांग्रेस सदस्य अटल श्रीवास्तव ने बताया कि वे विधायक निधि को बढ़ाने की मांग रखेंगे।

# चेम्बर चुनाव पुराने संविधान के आधार पर होगा: समिति



■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 17 मार्च।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज चुनाव 2025, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के आदेश पश्चात मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली द्वारा एक आवश्यक बैठक आहुत की गई। इस अवसर पर निर्वाचन अधिकारीगण शिवराज भंसाली, प्रकाशचंद गोलछा, के.सी. माहेश्वरी, रमेश गांधी, महावीर तालेड़ा, अनिल कुचेरिया, संजय जोशी, एच. एस. कर, एस.एम. रावते प्रमुख रूप से उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से निर्वाचन अधिकारी प्रकाशचंद गोलछा ने बताया की छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के उप सचिव रेना जमील के हस्ताक्षरयुक्त आदेश प्राप्ति के पश्चात निर्वाचन समिति ने निर्णय लिया की पुराने संविधान के अनुसार ही वर्तमान चेंबर चुनाव 2025 को संपन्न किया जाएगा। वर्तमान प्रक्रिया के तहत प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष के साथ रायपुर सहित 26 जिलों के लिए 10 चरण में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न होगी जिसमें भिलाई एवं रायपुर जिले में दो दिवसीय मतदान प्रक्रिया संपन्न करवाई जाएगी।

उन्होंने आगे बताया कि अब रायपुर जिले के लिए 8 उपाध्यक्ष एवं 8 मंत्री तथा निम्न जिलों सरगुजा, सूरजपुर, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, गौरेला-पेंड्रा-मारवाही, धमतरी, दंतेवाड़ा, कांकेर, रायगढ़, जशपुर, सारंगढ़-बिलाईगढ़, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, कबीरधाम, बालोद, बिलासपुर, सक्ति, कोरबा, जांजगीर-चांपा, मुंगेली, बेमेतरा महासमुंद, गरियाबंद, बलोदाबाजार-भाटापारा जिलों में 1 उपाध्यक्ष एवं 1 मंत्री के पद हेतु मतदान होगा साथ ही प्रदेश के तीन पद अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष हेतु समस्त 27480 मतदाता मतदान करेंगे। नाम निर्देशन पत्र 17-18-19 मार्च, दिन सोमवार, मंगलवार, बुधवार को 11:00 बजे से 2:00 बजे तक दिए जाएंगे एवं जमा करने का समय दोपहर 3:00 से शाम 6:00 बजे तक रहेगा। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 20 मार्च, दिन गुरुवार समय 11:00 बजे से 5:00 तक रहेगा। नाम निर्देशन पत्र शुल्क प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए 31000 तथा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मंत्री पद के प्रत्याशियों के लिए 15000 निश्चित किया गया है। उपरोक्त प्रक्रिया चेंबर भवन में संपन्न की जाएगी।

# छत्तीसगढ़ में खुलेंगी 67 नई शराब दुकानें

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 17 मार्च।** छत्तीसगढ़ में एक अप्रैल 2025 से 67 नई शराब दुकानें खोली जा रही हैं. नई आबकारी नीति में नई दुकान खोलने का निर्णय लिया गया है. साथ ही प्रीमियम शॉप के संचालन की भी अनुमति दी गई है. नई 67 दुकानें खुलने से दुकानों की संख्या बढ़कर 741 हो जाएगी. यह दुकानें सीमावर्ती इलाके और 30 किमी के दायरे के बीच दुकान नहीं होने की स्थिति में खोलने का निर्णय लिया गया है. वर्तमान में राज्य में 674 देशी-विदेशी शराब की दुकानें हैं. इसके अलावा बड़े मॉल या शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में प्रीमियम शॉप अलग से संचालित हो रही है. राज्य सरकार ने नए वित्तीय वर्ष में एक भी शराब दुकान बंद नहीं करने का फैसला लिया है. शराब दुकानों की संख्या बढ़ने से राज्य के राजस्व में भी करीब हजार करोड़ की वृद्धि अनुमानित है. आगामी वर्ष आबकारी से साढ़े 12 हजार करोड़ राजस्व प्राप्ति का अनुमान लगाया गया है.

छत्तीसगढ़ सरकार की नई आबकारी नीति वर्ष 2025-26 में भी देशी विदेशी शराब दुकानों का संचालन छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा करने का निर्णय लिया है. नई नीति में अधोसंरचना विकास शुल्क के नाम पर प्रति बोतल 5 रुपए से लेकर 10, 20, 40 और 60 रुपए वसूला जाएगा. नई आबकारी नीति में



दुकानों का स्थानांतरण किया जा सकेगा, लेकिन इसके लिए कलेक्टरों को एक अप्रैल 2025 से पहले आयुक्त आबकारी को प्रस्ताव भेजना अनिवार्य होगा. नई आबकारी नीति में 10 प्रतिशत यानी 67 नई दुकान खोलने का निर्णय लिया गया है. इसके लिए भी कलेक्टरों को प्रस्ताव भेजना होगा. इसके पीछे विभाग का तर्क है कि राज्य के कई जिलों में शराब दुकानों के बीच

30 किमी का गैप है. इसके चलते अवैध शराब का कारोबार पनपता है. वहीं सीमावर्ती क्षेत्रों में शराब दुकान नहीं होने के कारण भी अन्य राज्यों की शराब छत्तीसगढ़ आती है, जिसे ध्यान में रखते हुए विभाग ने 10 प्रतिशत दुकान बढ़ाने का निर्णय लिया है. मालूम हो कि नई आबकारी नीति में कंपोजिट दुकानों की स्थिति यथावत रखी गयी है. देशी और विदेशी शराब दुकानों की बिक्री एक ही स्थान पर होगी. इसी तरह अहाता की व्यवस्था भी यथावत रखी गई है. इसके लिए विभाग अलग से निर्देश जारी करेगा. नई आबकारी नीति में भी कांच की बोतल में शराब की बिक्री होगी, जिस पर होलोग्राम के अलावा ईएएल चस्पा करना अनिवार्य किया गया है. अधिकतम 6 बोतल, 12 अद्धी और 24 पौव्वा शराब एक व्यक्ति को बेची जा सकेगी.

**साल में चार दिन शराब दुकानें रहेंगी बंद-** राज्य शासन की नई आबकारी नीति में चार दिन शराब दुकानें बंद रखने का निर्णय लिया गया है, जिसके तहत 26 जनवरी, 15 अगस्त, 2 अक्टूबर गांधी जयंती और बाबा गुरु घासीदास जयंती 18 दिसंबर को शराब दुकानें बंद रहेंगी. इसके अलावा मद्य निषेध नीति के तहत दुकानें भी बंद रहेगी. दुकानों के खुलने के समय में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है. दुकानें सुबह 10 से रात्रि 10 बजे तक खुलेंगी और बंद होंगी. इसके अलावा मद्य निषेध नीति के तहत दुकानें बंद रखी जाएंगी. होटल, बार और रेस्टोरेंट के खुलने और बंद होने के समय का नीति में उल्लेख नहीं है. इसके लिए भी अलग से निर्देश जारी होंगे.

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26